वर्ष : 33 | अंक : 277 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, सोमवार, 23 दिसंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 प्रशांत नील ने उठाया 'सलार 2' की कहानी से पर्दा

P8 कुवैत में पीएम मोदी को मिला सर्वोच्च सम्मान

# परभणी हिंसा मामले में बढ़ेगा सियासी पारा

## राहुल गांधी आज करेंगे हिंसा प्रभावित परभणी का दौरा



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**


लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर का दौरा करेंगे और इस महीने की शुरुआत में वहां हुई हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिवारों से मिलेंगे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी (BJP) की प्रदेश इकाई ने गांधी के दौरे को नौटंकी करार दिया है। दरअसल मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित परभणी शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को 10 दिसंबर की शाम को क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी।



### बीजेपी के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को नौटंकी करार दिया

### हिंसा की न्यायिक जांच की घोषणा कर चुके हैं सीएम

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल में राज्य विधानसभा में कहा कि सूर्यवंशी ने मजिस्ट्रेट को बताया था कि उन्हें प्रताड़ित नहीं किया गया और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं दिखा। फडणवीस पहले ही परभणी हिंसा की न्यायिक जांच की घोषणा कर चुके हैं।



### पीड़ित परिवार से मिलेंगे राहुल गांधी

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार की ओर से साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार, राहुल गांधी सोमवार को आंबेडकरवादी सोमनाथ सूर्यवंशी और विजय वाकोडे के परिवार वालों से मुलाकात करेंगे। सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई थी और वाकोडे की विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। आरोप लगाए गए हैं कि सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में हत्या की गई।

### बीजेपी ने राहुल के दौरे को नौटंकी बताया

प्रदेश बीजेपी प्रमुख और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को नौटंकी करार दिया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ऐसी नौटंकी करने के बजाय इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि रचनात्मक तरीकों से समाज को कैसे लाभ पहुंचाया जा सकता है। बीजेपी और राज्य सरकार समाज और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रफ़्तार 01 का कहर

### फुटपाथ पर खेल रहे 4 साल के बच्चे को कार ने कुचला




## फैमिली फुटपाथ पर रहती थी आरोपी युवक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में 19 साल के क्रेटा चला रहे एक युवक ने 4 साल के बच्चे को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार शाम को करीब 5 बजे हुई है, तब बच्चा सड़क किनारे खेल रहा था। मृतक बच्चे का नाम आरुष किनवाड़े है। उसकी फैमिली वडाला इलाके में अंबेडकर कॉलेज के पास फुटपाथ पर रहती है। शनिवार को बच्चा फुटपाथ के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से SUV कार चला रहे युवक ने आरुष पर कार चढ़ा दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम भूषण संदीप गोले है। वह विले पार्ले का रहने वाला है। एक्सीडेंट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। 12 दिन पहले भी मुंबई में BEST बस ने 30 लोगों को कुचला था।

### आरोपी नशे में था या नहीं, जांच कर रहे : पुलिस

पुलिस ने बताया कि आरोपी भूषण संदीप गोले को गिरफ्तार कर उसका मेडिकल कराया गया है। वह नशे में कार चला रहा था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। बच्चे की बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच के बाद ही जानकारी दी जाएगी।

### सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताएं

हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र भारत के उन राज्यों में शामिल है जहां सड़क दुर्घटनाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। 2018 से 2022 के बीच राज्य में 66,370 सड़क दुर्घटनाओं में मौतें हुईं, जो उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बाद तीसरे स्थान पर है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कहा था कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1,78,000 जानें जाती हैं, जिनमें 60 प्रतिशत पीड़ित 18 से 34 वर्ष की आयु के होते हैं।

### सवालों के घेरे में सड़क सुरक्षा

यह हादसा मुंबई में सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हुआ है। इससे पहले 9 दिसंबर को मुंबई के कुर्ला इलाके में एक अन्य सड़क दुर्घटना में सात लोगों की जान चली गई थी और 42 लोग घायल हुए थे। एक BEST बस का चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा था। इस हादसे के बाद बस चालक संजय मोरे को गिरफ्तार कर उस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।

## कल्याण-बदलापुर परियोजना का दूर हुआ 'संकट'

### करीब दो घंटे में लॉन्च हुए 22 गर्डर



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मध्य रेलवे पर कल्याण-बदलापूर सेक्शन में तीसरी-चौथी लाइन विस्तार परियोजना के तहत मुंबई रेलवे विकास निगम (MRVC) ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रविवार सुबह 01:25 बजे से 03:50 बजे तक कुल 2 घंटे 25 मिनट का ब्लॉक लेकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया गया। इस अवधि में 22 गर्डर्स को रोड ओवर ब्रिज (ROB) और फुट ओवर ब्रिज (FOB) के लिए लॉन्च किया गया, जो एक ही ब्लॉक में किए गए कार्यों का रिकॉर्ड है। सीएसएमटी-कल्याण के आगे लोगों का संकट दूर करने के लिए दो और पटरियां बिछाने की तैयारी हो रही है। उम्मीद है कि दो साल बाद यह काम पूरा हो जाएगा। ये काम MUTP-3A के तहत हो रहा है। MRVC द्वारा दिसंबर 2021 से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

### इस तरह ब्लॉक में हुआ काम

कल्याण-बदलापुर लाइन विस्तार परियोजना में संकट को दूर करने के लिए उल्हासनगर और नेरल में लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद किया जा रहा है। उल्हासनगर में 300 टन और 250 टन क्षमता के दो क्रेन तैनात किए गए। इस काम में 39 कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे। ब्लॉक समाप्ति के बाद, रेलवे ट्रैक से दूर एक अन्य स्थान पर 9 और गर्डर्स लॉन्च किए गए, जिसके लिए ब्लॉक की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस तरह, उल्हासनगर में एक ही रात में कुल 20 गर्डर्स लॉन्च किए गए। वहीं नेरल में 110 टन क्षमता के क्रेन का उपयोग किया गया। 23 कर्मचारी और अधिकारी कार्य में शामिल रहे। कर्जत-बदलापूर सेक्शन और नेरल में MRVC ने एक ही रात में कुल 31 गर्डर्स लॉन्च किए।

## '...जाहिर है, कुछ लोग नाखुश हैं'



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**


### विभाग आवंटन के बाद विधायकों की नाराजगी पर बोले अजित पवार

महाराष्ट्र की महायुति सरकार में मंत्रियों के शपथ ग्रहण के एक हफ्ते बाद शनिवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। इस बीच, डिप्टी सीएम अजित पवार ने मंत्रियों की अधिक संख्या को लेकर एक बयान दिया है। उन्होंने बारामती में कहा कि चूंकि इस बार मंत्रियों की संख्या अधिक है, इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्रत्येक मंत्री को एक विभाग देना पड़ा है। जाहिर है, इससे कुछ लोग खुश हैं और कुछ खुश नहीं भी हैं।

### बारामती में रोड शो

अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती में एक रोड शो के दौरान राकांपा प्रमुख अजित पवार ने कहा कि अब जबकि विभागों की जिम्मेदारी बांट दी गई है ऐसे में लंबित परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल में केवल छह राज्य मंत्री शामिल हैं, जबकि बाकी 36 कैबिनेट मंत्री हैं। बीती सरकार में भी वित्त मंत्रालय संभालने वाले अजित पवार ने कहा कि वह सोमवार को कार्यालय का कार्यभार संभालेंगे।

## पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत पर फैसला आज




**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को पूर्व IAS पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुनाएगा। पूजा ने सिविल सेवा परीक्षा में तय सीमा से ज्यादा अटेम्प्ट के लिए अपनी गलत पहचान पेश करने के आरोप में दर्ज FIR में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। उन पर परीक्षा में धोखाधड़ी और अवैध रूप से OBC और विकलांगता कोटे का लाभ लेने का आरोप है। जस्टिस चंदर धारी सिंह की बेंच ने 27 नवंबर को मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## 'कुछ तो गड़बड़ है..'

### नाना पटोले ने चुनाव नियम में संशोधन को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने चुनाव नियम में किए गए बदलाव की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महायुति सरकार जनता के जनादेश को चुराकर सत्ता में वापस आई। पटोले ने इस संशोधन और चुनाव आयोग पर सवाल उठाया और कहा कि इसमें 'कुछ गड़बड़' है।

पटोले ने कहा, 'महाराष्ट्र में जो सरकार बनी है, वह चुनाव आयोग और केंद्र में बैठे कुछ बड़े अफसरों की मदद से सत्ता में आई है। यह सरकार लोगों के जनादेश को चुराकर बनी है। कल ही चुनाव आयोग ने एक नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि अब कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। इसका मतलब कुछ गड़बड़ है।'

कांग्रेस नेता का यह बयान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक हालिया फैसले का बाद आया है। कोर्ट ने 'महमूद प्राचा बनाम चुनाव आयोग' के मामले में आदेश दिया था कि हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े सारे दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं, जिसमें सीसीटीवी फुटेज भी शामिल है।


## कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को बड़ी राहत

### कोर्ट ने दी विदेश यात्रा की अनुमति

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने चिदंबरम को अपनी कंपनी से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने और अपनी बेटी से मिलने के लिए वियना (ऑस्ट्रिया) और यूके की यात्रा करने की अनुमति दी है।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया मामले में आरोपी कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को 4 से 12 जनवरी के बीच ऑस्ट्रिया और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि उन्होंने अतीत में दी गई स्वतंत्रता का कभी दुरुपयोग नहीं किया।



विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने चिदंबरम को अपनी कंपनी से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने और अपनी बेटी से मिलने के लिए वियना (ऑस्ट्रिया) और यूके की यात्रा करने की अनुमति दी है। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से विशेष सरकारी वकील एनके मट्टा ने चिदंबरम के आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि वह स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर सकते हैं।

इस पर जज बावेजा ने कहा कि यह रिकार्ड में दर्ज है कि आवेदक ने पहले भी अनेक अवसरों पर विदेश यात्रा के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट के साथ इस अदालत की ओर से भी उसे हमेशा अनुमति दी गई थी। उसने अदालत की तरफ से दी गई उपरोक्त छूट या स्वतंत्रता का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया है। बता दें कि आईएनएक्स मीडिया समूह को 2007 में 305 करोड़ रुपये की दी गई विदेशी फंडिंग में अनियमितता के आरोप में सीबीआई ने 15 मई, 2017 को कार्ति पर एफआईआर दर्ज की थी।

## धुंध की चादर में लिपटी मायानगरी

### वायु गुणवत्ता में गिरावट जारी, AQI में कोई सुधार नहीं

### सोमवार से तापमान में आएगी कमी

**वायु गुणवत्ता**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**


### रविवार को मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक करीब 180 दर्ज किया गया



महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में वायु गुणवत्ता में गिरावट जारी है। कई इलाकों में धुंध के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही और धुंध की घनी परत देखने को मिली। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना है। तापमान में होने वाले गिरावट के कारण मौजूदा स्थितियों में तत्काल सुधार होने की संभावना काफी कम है। दरअसल, रविवार शाम को पर्यावरण मंत्रालय के SAMEER ऐप के अनुसार मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक करीब 180 दर्ज किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में AQI कुछ समय के लिए 198 पर चढ़ गया, जो खराब श्रेणी में आता है। पांच वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों पर ली गई रीडिंग के अनुसार शहर में AQI अपने खराब स्थिति में है। वहीं, कुछ अन्य रीडिंग में मध्यम एक्यूआई का स्तर देखने को मिला। सबसे ज़्यादा प्रभावित क्षेत्र बोरीवली ईस्ट रहा जहां पर एक्यूआई 268 के करीब रहा। वहीं, कोलाबा में नेवी नगर में 268, मलाड वेस्ट में 262, मझगांव में244, कांदिवली वेस्ट में 233 और देवनार में 208 एक्यूआई रहा।

### हाईकोर्ट ने की टिप्पणी


शहर में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी की अगुवाई वाली पीठ ने सवाल उठाया कि क्या अधिकारी खतरनाक प्रदूषण स्तरों को दूर करने के लिए पर्याप्त उपाय कर रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार को मुंबई के अधिकांश हिस्सों में औसत 24-घंटे का AQI 200 के आसपास या उससे अधिक रहा।



### सोमवार से मौसम ठंडा होने की संभावना

वहीं, मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार से मौसम ठंडा होने की संभावना है। बता दें कि रविवार को आईएमडी की सांताक्रूज़ वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 20 .0 डिग्री सेल्सियस और कोलाबा वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 21 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

## छगन भुजबल के साथ हो रहा 'खेला', विरोधी माणिकराव कोकाटे को मिला मंत्रालय



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

एनसीपी में शरद पवार के खिलाफ हुई बगावत के दौरान अजीत पवार का साथ देनेवाले पूर्व मंत्री छगन भुजबल अब अलग-थलग पड़ते नजर आ रहे हैं। मंत्री पद नहीं मिलने से अजीत के खिलाफ खुलकर नाराजगी व्यक्त करने वाले भुजबल को के पार्टी में धीरे-धीरे हाशिए पर पहुंचाने का खेला शुरू हो गया है। भुजबल का मंत्री पद काटने के बाद अजीत जिले में उनके सबसे बड़े विरोधी माणिकराव कोकाटे को कृषि मंत्री बनाकर शक्तिशाली बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है।

लेकिन विधानसभा चुनाव में महायुति को रिकॉर्ड जीत दिलाने वाले ओबीसी समाज भुजबल के साथ खड़ा होता नजर आ रहा है। ओबीसी के प्रमुख नेताओं ने रविवार को एक बैठक के बाद भुजबल को अकेला नहीं पड़ने देने की घोषणा कर दी। राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार में जगह नहीं मिलने पर नाराज भुजबल ने सार्वजनिक तौर पर 'जहां नहीं चैना वहां नहीं रहना' कह कर अजित की पार्टी छोड़ने के संकेत दिए थे। इतना ही नहीं उन्होंने अजित के साथ-साथ एनसीपी के दो अन्य प्रमुख नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे पर भी निशाना साधते हुए पूछा था कि क्या मैं तुम्हारा खिलौना हूं? उन्होंने राज्य भर में समर्थकों की सभा करने तथा ओबीसी समाज का आंदोलन फिर से शुरू करने का ऐलान भी किया है। लेकिन पार्टी में उनकी नाराजगी को कोई महत्व नहीं दिया गया। इसी पृष्ठभूमि में रविवार को मुंबई में ओबीसी समुदाय के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 1 महिला सहित 6 नागरिकों को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण के एनजीओ आई फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश दाखिनकर की सूचना पर डोंबिवली की मानपाड़ा पुलिस ने बिना वैध दस्तावेजों के भारत आए और डोंबिवली में रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार ये सभी लगभग 15 दिन पहले बांग्लादेश से आए थे और इनमें से कुछ कपड़ा कंपनी में काम कर रहे थे। मानपाड़ा पुलिस ने इन्हें अपनी हिरासत में लेकर बांग्लादेश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ये लोग फर्जी पहचान पत्रों और दस्तावेजों के सहारे भारत आए और डोंबिवली में रह रहे थे। इस कार्रवाई के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। डोंबिवली जैसे बड़े शहर में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बंग्लादेशियों की इसी तरह की गिरफ्तारियां समय-समय पर होती रहती हैं। लेकिन यह समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही। मानपाड़ा पुलिस की इस कार्रवाई से यह भी सवाल उठता है कि इन बांग्लादेशी नागरिकों को शहर में एंट्री कौन दे रहा है।



### पुलिस की ऐसी कार्रवाई

यह कैसे संभव है कि बिना वैध दस्तावेजों के ये लोग न केवल भारत में प्रवेश कर रहे हैं। बल्कि यहां काम भी कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सतर्कता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस अक्सर ऐसी गिरफ्तारियां करके कार्रवाई का ढिंढोरा पीटती है। लेकिन शहर में पहले से रह रहे अवैध नागरिकों पर कोई गहन जांच पड़ताल नहीं होती। डोंबिवली और आसपास के इलाकों में फर्जी पहचान पत्र और दस्तावेजों का नेटवर्क होने की आशंका पहले भी जताई जा चुकी है। लेकिन पुलिस ने कभी इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए हैं। स्थानीय प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि वह गहन जांच करके ऐसे घुसपैठियों के नेटवर्क को तोड़े और शहर में रह रहे अवैध नागरिकों का पता लगाए।

### 17 दिसंबर को गिरफ्तारी

पिछले हफ्ते भी 17 दिसंबर को कोलसेवाड़ी पुलिस ने विठ्ठलवाड़ी के जुनी सोनिया कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी दंपति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंजुरा हसन (37) और कमल हसन (44) के रूप में हुई है पुलिस के अनुसार यह दंपति पिछले सात से आठ सालों से भारत में अवैध रूप से रह रहा था और रिक्शा चलाने व घरों में काम करके जीवन यापन कर रहा था। गौरतलब हो कि जुलाई 2017 में भी मानपाड़ा पुलिस ने अड़वली क्षेत्र से छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किए थे। वह जाली दस्तावेज के आधार पर यहां रह रहे थे। 2016 में भी कल्याण ग्रामीण के निलजे गांव में ग्यारह बंग्लादेशी गिरफ्तार किए गए थे। जिसमें 8 पुरूष व 3 महिलाओं का समावेश था।

### अवैध तरह से रह रहे थे

कल्याण पूर्व चेतना से अडवली, ढोकली सहित कल्याण पूर्व के तमाम क्षेत्रों के साथ ही डोंबिवली के गोलवली आदि क्षेत्रों में बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से जाली दस्तावेज के आधार पर रह रहे है। जिनमें होटल, लेडीज़ बार में वेटर का काम, चिकन की दुकान, नारियल पानी व ज्यूस सेंटर जैसे व्यवसायों में उनकी ज्यादा सहकारिता है। टिटवाला के मांडा ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले म्हराल गांव, वरप, कांबा और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने की संभावना भी अधिक है। इसका मुख्य कारण है कि अधिक किराए की लालच में स्थानीय लोग बिना पुलिस सत्यापन के इन्हें कमरे किराए पर दे देते हैं। अगर पुलिस इन क्षेत्रों में सख्ती से जांच-पड़ताल करें तो यहां से भी अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों का पता चल सकता है। इस मुद्दे पर प्रशासन और स्थानीय पुलिस को सतर्क होकर कदम उठाने की जरूरत है।

# दिव्यांगों के लिए किए गए कार्यों से संतुष्टि मिलती है - निवासी उपजिलाधिकारी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे




दिव्यांगों के लिए सरकारी योजनाओं को लागू करते समय आने वाली कठिनाइयों को दूर करने और उन्हें सही तरीके से लाभ पहुंचाने में जो संतुष्टि मिलती है, वह अनमोल है। निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने ने कहा कि जब अधिकारियों द्वारा ये योजनाएं दिव्यांगों तक पहुंचाई जाती हैं, तो उनके चेहरे पर खुशी देखकर सच्ची संतुष्टि होती है। और जब अधिकारी सेवानिवृत्त होते हैं, तो वे अपनी उपलब्धियों को देखकर गर्व महसूस करते हैं, खासकर दिव्यांगों के लिए किए गए कार्यों से।

### सुशासन सप्ताह में दिव्यांगों के लिए योजनाओं की जानकारी

19 दिसंबर 2024 से ठाणे मनपा में शुरू हुए सुशासन सप्ताह के तहत दिव्यांग व्यक्तियों, विशेष विद्यालयों और महिला-बाल कल्याण योजनाओं के बारे में एक सूचनात्मक सेमिनार आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. तुशाबा शिंदे, निदेशक, प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार, मुंबई उपजिलाधिकारी गणेश सांगले, तहसीलदार किशोर मराठे, उपायुक्त अनघा कदम, सहायक आयुक्त दशरथ वाघमारे, बाल संरक्षण अधिकारी रेखा हिरे, और सामाजिक कार्यकर्ता गौतम गायकवाड़ सहित कई प्रमुख अधिकारी और लोग उपस्थित थे। मनपा दिव्यांग स्कूल की प्रधानाचार्य अर्चना शेटे और समन्वय अधिकारी आधार कुलकर्णी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### अधिकारी की संतुष्टि: दिव्यांगों के लिए कार्य करना एक खुशी

डॉ. माने ने बताया कि दिव्यांगों के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन करने में अधिकारी को एक अलग खुशी मिलती है। इस काम को प्रसिद्धि न मिले, लेकिन इसके सुखद पल अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ₹प्रशासन गांव की ओर₹ पहल के तहत नागरिकों और विशेष बच्चों के लिए काम करने का मौका मिला और सुशासन सप्ताह का हिस्सा बनकर गर्व महसूस हुआ।

### दिव्यांगों के लिए कानूनों की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान, बाल संरक्षण अधिकारी रेखा हिरे ने दिव्यांगों के लिए बने कानूनों की जानकारी दी। वहीं, दयानंद गुंडप और दशरथ वाघमारे ने ठाणे मनपा के समाज विकास विभाग द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी।

## संयम से काम लें हिंदी भाषी समुदाय के लोग: पारसनाथ तिवारी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर



एनसीपी के प्रदेश महासचिव और पार्टी के हिंदी भाषी सेल के राज्य प्रमुख पारसनाथ तिवारी ने कल्याण में हुए तथाकथित मराठी-गैर मराठी भाषी विवाद को लेकर संयम बरतने की अपील की है। एक बयान में पारसनाथ तिवारी ने कहा कि कल्याण की घटना को कुछ राजनीतिक दल अपने लाभ के लिए तूल दे रहे हैं। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर कहा कि दो पड़ोसियों के मामूली विवाद को भाषाई झगड़े का रूप देना उचित नहीं है।

## कंपनी के मालिक को नाबालिग से मजदूरी करवाना पड़ा महंगा

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी में पुलिस ने 49 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि अरेस्ट किया गया व्यक्ति कंपनी का मालिक है। इस आरोप में उसके खिलाफ उसकी कंपनी परिसर में बच्चों से मजदूरी कराने का मामला दर्ज किया है। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी भी की गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्रम, महिला एवं बाल कल्याण विभाग और स्थानीय पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार (22 दिसंबर) को यहां भिवंडी क्षेत्र के वेहले गांव में 'पैकेजिंग कंपनी' संचालित करने वाले व्यक्ति की चार दुकानों पर छापेमारी की।

# राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कार्यभार संभालते ही लिया एक्शन

## खोपट बस डिपो का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद सक्रियता दिखाते हुए खोपट एसटी बस डिपो का दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

### बस डिपो का दौरा और समीक्षा

मंत्री सरनाईक ने डिपो में यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं और डिपो की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रियों के लिए शौचालय, प्रतीक्षालय और पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए।

### समस्याओं का समाधान और निर्देश

मंत्री ने नागरिकों और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा, डिपो परिसर में अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों (गरदुल्लो) को रोकने के लिए भी कदम उठाने के निर्देश दिए।

### राज्यभर में दौरा और समीक्षा की योजना

परिवहन मंत्री ने घोषणा की कि वह राज्य के सभी बस डिपो का दौरा करेंगे और वहां की समस्याओं का आकलन कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। मंत्री सरनाईक का यह कदम राज्य में परिवहन सेवाओं को सुधारने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# रईस हाई स्कूल में आयोजित हुआ 65वां आल महाराष्ट्र उर्दू भाषण प्रतियोगिता




डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी के मैदान पर शनिवार, 21 दिसंबर 2024 को 65वें आल महाराष्ट्र उर्दू भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मौलाना आजाद माइनॉरिटीज फाइनेंशियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, मुंबई के मैनेजिंग डायरेक्टर गफ्फार मखदूम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में गफ्फार मखदूम ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत भाषणों की सराहना की और कहा, बच्चों द्वारा दी गई सभी प्रस्तुतियां बेहद शानदार रहीं। मैं इस सफलता के लिए सभी छात्र वक्ताओं और उनके मार्गदर्शन करने वाले अध्यापकों को बधाई देता हूं। इसके साथ ही, उन्होंने मौलाना आजाद माइनॉरिटीज फाइनेंशियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की। प्रतियोगिता का यह आयोजन उर्दू भाषा और वक्तृत्व कला के महत्व को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

# बालकुम, मानपाडा के धोखादायक इमारतों का विकास कार्य रुका

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



बालकुम, कोलशेत, मानपाडा और ढोकाळी स्थित धोखादायक इमारतों के पुनर्विकास में तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों के कारण विकास कार्य ठप हो गया है। इन इमारतों के पुनर्विकास को लेकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक संजय केलकर ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष मुद्दा उठाया।

### मूल सातबारा और प्रॉपर्टी पेपर की समस्या

विधायक केलकर ने सदन में कहा कि इन इलाकों की इमारतों के पुनर्विकास में सबसे बड़ी अड़चन मूल सातबारा उतारा, क्षेत्रफल, और प्रॉपर्टी पेपर में दर्ज गलत जानकारी है। उन्होंने कहा कि कई दशकों पुराने रिकॉर्ड के कारण क्षेत्रफल और मालिकाना हक को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

### धोखादायक इमारतों की स्थिति

बालकुम और यशस्वी नगर जैसे इलाकों में 40-50 साल पुरानी इमारतें अब खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी हैं। इन इमारतों को खाली कराने के लिए मनपा ने निवासियों को नोटिस जारी किया है। लेकिन रिकॉर्ड में विसंगतियों के कारण इन इमारतों का पुनर्विकास रुक गया है, जिससे निवासियों को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

### विधायक केलकर की मांग

विधायक केलकर ने सरकार से निम्नलिखित मांगें की कि मूल सातबारा नकल में सुधार: क्षेत्रफल, पंजीकरण, और प्रॉपर्टी पेपर को मूल सातबारा के आधार पर दुरुस्त किया जाए। मालिकाना हक स्पष्ट किया जाए: धोखादायक इमारतों के पुनर्विकास के लिए सही और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किए जाएं। नए प्रॉपर्टी पेपर जारी: मौजूदा धारा 72 को पुराने प्रावधान मानते हुए नए रिकॉर्ड के अनुसार प्रॉपर्टी पेपर जारी किए जाएं। तकनीकी कठिनाइयों का समाधान: पुनर्विकास प्रक्रिया को सुचारू करने के लिए सभी तकनीकी अड़चनों को दूर किया जाए।

### निवासियों की समस्याएं

निवासियों की ओर से पुरानी मांग रही है कि प्रॉपर्टी पेपर और मूल सातबारा नकल में अंतर को खत्म किया जाए। पंजीकरण और निरीक्षण में हुई गलतियों को ठीक करने की भी मांग उठाई गई है।

# उल्हासनगर में बिल्डर से एक करोड़ की रंगदारी की मांग

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर




कोविड-19 महामारी के बाद धीमे पड़े निर्माण व्यवसाय में हाल के महीनों में गति आई है, लेकिन इसी बीच उल्हासनगर में बिल्डरों को ब्लैकमेल और रंगदारी की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। कैंप-5, गांधी रोड के प्रख्यात बिल्डर राजा गेमनानी ने ठाणे पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त और राज्य गृह विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और दलाल उनकी इमारत की जानकारी जुटाकर झूठी शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं। इन शिकायतों के आधार पर पुणे निदेशक नगर नियोजन विभाग, कोंकण आयुक्त और उल्हासनगर मनपा बांधकाम विभाग द्वारा जांच करवाई जा रही है। इसके बाद ब्लैकमेल कर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। गेमनानी ने अपनी शिकायत में कहा है कि उन्हें आंदोलन की धमकियां दी जा रही हैं और मंत्रालय में झूठी शिकायतें कर निर्माणकार्य रुकवाने का प्रयास किया जा रहा है। समझौते के दबाव के साथ निर्माण तोड़ने की धमकी दी जा रही है, जिससे उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। शिकायत में एक वकील और एक स्थानीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष का नाम शामिल है। गेमनानी ने कहा है कि ब्लैकमेलिंग गैंग की गतिविधियों से कई अन्य बिल्डर भी प्रभावित हैं, लेकिन डर के कारण वे खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। इस घटना के बाद शहर के अन्य बिल्डरों ने गेमनानी का समर्थन किया है। कुछ दिन पहले बिल्डरों के एक समूह ने उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकाश ढाकने से मुलाकात की थी और ब्लैकमेलिंग के मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि बिल्डरों को इस प्रकार की धमकियों से सुरक्षा प्रदान की जाए। यह मामला उल्हासनगर के निर्माण व्यवसाय में बढ़ती असुरक्षा और गलत गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करता है।

# पश्चिम रेलवे की विशेष ट्रेनों की घोषणा

## मुंबई सेंट्रल-अमृतसर और साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला मार्ग पर संचालन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, पश्चिम रेलवे ने मुंबई सेंट्रल-अमृतसर और साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

### मुंबई सेंट्रल-अमृतसर स्पेशल

ट्रेन संख्या 04661 मुंबई सेंट्रल से रात 11:05 बजे रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 10:15 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यह ट्रेन 25 और 29 दिसंबर 2024 को संचालित होगी। ट्रेन संख्या 04662 अमृतसर से सुबह 6:35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 5:45 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 24 और 28 दिसंबर 2024 को चलाई जाएगी।

स्टॉपेज: बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, शामगढ़, कोटा, मथुरा, नई दिल्ली, अंबाला कैंट, चंडीगढ़, लुधियाना और जालंधर सिटी।

### साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल

ट्रेन संख्या 04065 साबरमती से सुबह 6:00 बजे प्रस्थान कर यह ट्रेन उसी दिन रात 11:15 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। यह ट्रेन 23, 26 और 30 दिसंबर 2024 को चलेगी।

ट्रेन संख्या 04066 दिल्ली सराय रोहिल्ला से सुबह 8:55 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 2:10 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन 22, 25 और 29 दिसंबर 2025 को चलाई जाएगी।

स्टॉपेज: गांधीनगर केपिटल, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, अलवर, खैरथल, रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली कैंट।

# पुलिस तबादलों पर विवाद

## अधिकारियों ने एमएटी में याचिकाएं दायर की

डीबीडी संवाददाता | विरार

मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय में 36 पुलिस अधिकारियों के तबादलों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। तबादलों को रद्द कराने के लिए इन अधिकारियों ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) में याचिका दायर की है। इसके विपरीत, कमिश्नरेट में हाल ही में नियुक्त 7 नए पुलिस अधिकारियों ने इन याचिकाओं का विरोध करते हुए एमएटी में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। उन्होंने मांग की है कि तबादला आदेश रद्द न किया जाए। इस विवाद के चलते नए और पुराने पुलिस अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। मामले की अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### चुनाव आयोग का निर्देश और तबादले



केंद्रीय चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों के दौरान पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया था कि 3 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाए। इस निर्देश के तहत 30 अक्टूबर 2024 को मीरा-भायंदर वसई-विरार आयुक्तालय के 36 पुलिस अधिकारियों का तबादला मुंबई पुलिस आयुक्तालय में कर दिया गया। चुनाव समाप्त होने के बाद, इन तबादलों को चुनौती देते हुए पुलिस अधिकारियों ने एमएटी में याचिका दायर की। उन्होंने दावा किया कि ये तबादले अस्थायी थे और चुनाव के खत्म होने के बाद उन्हें उनके मूल पद पर लौटाया जाना चाहिए। नई नियुक्तियों का विरोध करते हुए 7 पुलिस अधिकारियों ने हस्तक्षेप याचिका में अपना पक्ष रखते हुए तबादला आदेश को बरकरार रखने की मांग की है। उनका कहना है कि यह आदेश न केवल उचित है बल्कि इसे रद्द करना प्रशासनिक प्रक्रिया के खिलाफ होगा। तबादले के विरोध में याचिका दायर करने वाले अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने थाने में 2 साल, जिले में 3 साल और कमिश्नरी में 6 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। चुनाव के बहाने उनके साथ अन्याय किया गया है।

## स्वच्छ नवी मुंबई हाफ मैराथन

# 6000 से अधिक नागरिकों की सहभागिता के साथ सफल आयोजन

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई




नवी मुंबई में स्वच्छता और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित स्वच्छ नवी मुंबई हाफ मैराथन में 6000 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस हाफ मैराथन का आयोजन पाम बीच रोड पर किया गया, जहां सुबह 5:30 बजे से 21 किमी की मुख्य दौड़ शुरू हुई।

### आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने खुद पूरी की 21 किमी की दौड़

नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने 21 किमी की दौड़ में हिस्सा लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा कर नागरिकों के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश दिया। महाराष्ट्र पुलिस बल के फोर्स वन के प्रमुख श्री कृष्ण प्रकाश ने भी 21 किमी की दौड़ पूरी की। 10 किमी दौड़ में प्रशासनिक उपायुक्त शरद पवार, और 5 किमी दौड़ में सिटी इंजीनियर शिरीष आर्दवाड सहित कई अधिकारियों ने भाग लिया। प्रसिद्ध अभिनेता हेमंत ढोणे, क्षिति जोग, बॉडीबिल्डर सुहास खामकर ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट से जल्द शुरू होंगी उड़ानें

- अगले सप्ताह होगा कॉमर्शियल फ्लाइट का ट्रायल
- अप्रैल 2025 से शुरू होंगी नियमित उड़ानें
- 350 फ्लाइट खड़े होने की क्षमता, 3.7 किमी लंबा रनवे



**मुंबई/नवी मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई को जल्द ही दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मिलने जा रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र में शामिल नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनकर लगभग तैयार है और जल्द ही यहां कॉमर्शियल फ्लाइट का ट्रायल भी शुरू होने वाला है। ऑपरेशनल होने के बाद यह भारत का पहला ऐसा एयरपोर्ट होगा, जिसके सभी टर्मिनल अंडरग्राउंड मेट्रो से जुड़े होंगे। वहीं यहां तक पहुंचने के लिए भी लगभग हर मोड में परिवहन की सुविधा मिलेगी, जिसमें यात्री मेट्रो, बुलेट ट्रेन, एक्स्प्रेसवे और अटल सेतू के माध्यम से एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे।

### पहले चरण का काम 80 फीसदी पूरा

फिलहाल इसरे निर्माण का काम तेजी से जारी है और पहले चरण का काम 80 फीसदी पूरा भी हो चुका है। 31 दिसंबर को यहां कॉमर्शियल फ्लाइट का ट्रायल होगा। वहीं अप्रैल 2025 से यहां नियमित उड़ानें शुरू हो जाएंगी। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) का परिचालन शुरू होने के बाद लोगों के लिए सुविधा बढ़ जाएगी, क्योंकि उनके पास दो एयरपोर्ट से फ्लाइट लेने का विकल्प होगा। खासकर कि व्यस्ततम घंटों में यह काफी मददगार साबित हो सकता है। गौरतलब है कि मुंबई में पहले से ही छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी क्षमता से काम कर रहा है, लेकिन लगातार बढ़ते हवाई यात्रियों से इस पर भी बोझ पड़ सकता है। ऐसे में मुंबई में दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की जरूरत महसूस की गई।

### 350 विमानों के खड़े होने की क्षमता

इस नए एयरपोर्ट की खास विशेषताओं की बात करें तो इसमें एक साथ 350 विमानों के खड़े होने की क्षमता होगी। करीब 76 प्राइवेट जेट विमानों को भी यहां रखा जा सकता है। इसका रनवे 3 .7 किमी है, जोकि पूरी तरह से बनकर तैयार है। अगले चरण में एक और रनवे बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि पूरी तरह से एयरपोर्ट का परिचालन शुरू होने के बाद यहां सालाना 9 करोड़ से भी अधिक यात्री उड़ान भरेंगे। इसके अलावा कार्गो के लिहाज से भी यहां खास व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसमें देश का सबसे बड़ा कार्गो सिस्टम तैयार किया जाना शामिल है। इसे बनाने में कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। जिस जमीन पर एयरपोर्ट बन रहा है, वहां पहले नदी और पहाड़ थे। ऐसे में पहाड़ों को काटकर और नदियों का रास्ता बदलकर एयरपोर्ट के लिए जमीन तैयार की गई।

### आर्थिक विकास को मिलेगी गति

नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल हवाई यात्रा सुगम नहीं होगी, बल्कि इससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास भी होगा। साथ ही आगामी वर्षों में मुंबई की प्रगति में इसका अहम योगदान होगा। हवाई अड्डे के निर्माण और संचालन से हजारों रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। यह मुंबई को वैश्विक बाजारों से जोड़ेगा, साथ ही अंतरराज्यीय आवागमन को आसान बनाएगा। एयरपोर्ट बनने से क्षेत्र के आसपास आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। देश की बड़ी एमएनसी कंपनियां यहां ऑफिस खोल रही हैं। साथ ही कई रिहायशी इलाकों को भी विकसित किया जा रहा है। कई पांच सितारा होटल्स और शॉपिंग मॉल बनाए जाने के भी प्रस्ताव हैं।

### 2036 तक पूरी तरह होगा तैयार

नवी मुंबई एयरपोर्ट का काम कुल चार चरणों में पूरा होगा। पहला चरण अप्रैल 2025 तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण को 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं तीसरे चरण को 2032 एवं चौथे चरण को 2036 तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण के पूरा होने के बाद सालाना 2 करोड़ तक यात्री यहां से ट्रैवल कर सकेंगे। वहीं पूरी तरह तैयार होने के बाद यह संख्या 9 .5 करोड़ तक पहुंच जाएगी।

## मंत्रालय मिलते ही एक्शन मोड में आए बावनकुले



- रेत माफियाओं पर लगाम लगाने तथा जनता के लिए सुलभ रेत नीति लाने की घोषणा की

**मुबंई।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री का पद मिलते ही बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने मुसीबत बन रहे रेत माफियाओं पर लगाम लगाने तथा जनता के लिए सुलभ रेत नीति लाने की घोषणा की है। उन्होंने रविवार को कहा कि हम देश के दूसरे राज्यों की रेत नीतियों का अध्ययन करेंगे और उसके आधार पर जनता के लिए सुलभ रेत नीति लाएंगे। मंत्री बावनकुले ने कहा कि राजस्व विभाग के कारण जनता को परेशानी होगी तो मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं 'जनता सर्वोपरि' की नीति के अनुसार काम करूंगा। महाराष्ट्र का राजस्व विभाग देश का सबसे अच्छा राजस्व विभाग है, ऐसी छवि स्थापित करूंगा।

### कई कानूनों में संशोधन की ज़रूरत

बावनकुले ने आगे कहा कि राज्य में करीब 86 हजार हेक्टेयर जंगल झाड़ियों वाली भूमि की समस्या लंबित है, जिसके कारण कई विकास परियोजनाएं रुकी हुई हैं। ये जमीनें मुख्य रूप से विदर्भ में हैं और इस पर सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। न्यायालय में पैरवी करके इस समस्या के जल्द से जल्द समाधान का प्रयास करेंगे। इसी तरह किसानों और खेतिहर मजदूरों से जुड़े कई कानूनों में संशोधन की जरूरत है। इसका अध्ययन करने से राज्य के विकास की गति बढ़ाएंगे।

69वां रेलवे सप्ताह

## 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' समारोह – 2024 में मध्य रेल ने बाजी मारी

- मध्य रेल मुख्यालय के दो और मुंबई मंडल के दो अधिकारियों ने पुरस्कार जीते



डीबीडी संवाददाता। मुंबई /नई दिल्ली

21 दिसंबर 2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह ₹अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी) समारोह-2024₹ में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में मध्य रेल के चार अधिकारियों को सराहनीय प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' प्राप्त हुआ।

### पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारी

- **हेमंत जिंदल,** उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, मध्य रेल मुख्यालय: हेमंत जिंदल को उनके नवाचार और कार्यप्रणालियों के लिए पुरस्कार मिला, जिसने व्यय में मितव्ययिता, उत्पादकता में सुधार, और आयात प्रतिस्थापन में मदद की। उन्होंने 'ऑनलाइन सतर्कता स्थिति प्रबंधन प्रणाली (ओवीएसएमएस)' तैयार की, जिससे सतर्कता स्थिति जारी करने का समय 6 दिन से घटकर एक कार्य दिवस से भी कम हो गया। उन्होंने निजी साइडिंग मालिकों से 47 .11 करोड़ रुपये की वसूली में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **वी. एम. मशीदकर,** मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक, सामग्री प्रबंधन विभाग: उन्हें परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए पुरस्कार मिला। उन्होंने उच्च मूल्य वाले टीसी मामलों को 30 दिनों के भीतर निपटाने के लिए कम समय में काम किया और मासिक आधार पर स्टॉक और बकाया राशि की निगरानी करके समय पर सामग्री उपलब्धता सुनिश्चित की।
- **सुधा वेदप्रकाश द्विवेदी,** उप मुख्य टिकट निरीक्षक, मुंबई मंडल: सुधा द्विवेदी को आय बढ़ाने और टिकट रहित यात्रा को नियंत्रित करने में उनके विशेष प्रयासों के लिए पुरस्कार मिला। उनके अथक प्रयासों से 9,105 मामलों की पहचान हुई और 32,25,080 रुपये की राशि वसूल की गई। इसके अलावा, उन्होंने हार्बर सेक्शन में यात्रियों की शिकायतों को दूर करने में रेलवे प्रशासन की मदद की।
- **पवन नीना फिराके,** सहायक/सी एंड डब्ल्यू (खलासी हेल्पर), मुंबई मंडल: पवन नीना फिराके को परिचालन, सुरक्षा, संरक्षा और बेहतर रखरखाव में सुधार के लिए पुरस्कार मिला। पनवेल स्टेशन पर ट्रेन नंबर 17614 की जांच के दौरान उनकी सतर्कता के कारण एक संभावित दुर्घटना टल गई। उन्होंने एक्सल बॉक्स के तापमान का अंतर पहचानकर कोच को सिक मार्क किया, जिससे दुर्घटना से बचाव हुआ।

## सीएम बनने के बाद पहली बार अहिल्या नगर पहुंचे फडणवीस

- अन्ना हजारे से की मुलाकात

मुंबई/अहिल्या नगर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आज अहिल्या नगर में वरिष्ठ समाजसेवी, पद्म भूषण अन्ना हजारे से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्ना हजारे से ये उनकी पहली मुलाकात है। इस दौरान सीएम ने उनसे आशीर्वाद लिया और उनकी शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल भी मुख्यमंत्री के साथ थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की है। जिसमें वो अन्ना हजारे से हाथ मिलाते हैं और शीश नवाते हुए नजर आ रहे हैं। अन्ना हजारे ने भी बकायदा सीएम का हाथ पकड़कर उनसे बात करते हुए और आशीर्वाद देते हुए नजर आ रहे हैं।



### अन्ना हजारे को प्रणाम किया

सीएम देवेंद्र फडणवीस रविवार को अहिल्या नगर के दौरे पर थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद वो पहली बार अहमदनगर दौरे पर पहुंचे थे। सीएम का स्वागत करने के लिए अन्ना हजारे हेलीपैड पर पहुंचे हुए थे। सीएम जैसे ही हेलीकॉप्टर से नीचे उतरे तो अन्ना हजारे ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद फडणवीस ने झुककर अन्ना हजारे को प्रणाम किया।

## पश्चिम रेलवे को तीन शील्ड और आठ व्यक्तिगत पुरस्कार

### 69वां रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह

**मुंबई/नई दिल्ली।** पश्चिम रेलवे ने 69वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह में शानदार प्रदर्शन किया और वर्ष 2024 के लिए तीन राष्ट्रीय दक्षता शील्ड और आठ व्यक्तिगत अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार हासिल किए। यह समारोह नई दिल्ली में आयोजित हुआ और इसमें पश्चिम रेलवे को महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए।





### प्रमुख पुरस्कार

लेवल क्रॉसिंग और रोड ओवर/अंडर ब्रिज संरक्षा कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पश्चिम रेलवे को तीन प्रतिष्ठित शील्ड प्राप्त हुईं। नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) शील्ड इस वर्ष की शुरुआत की गई थी, और पश्चिम रेलवे इसे प्राप्त करने वाला पहला रेलवे जोन बन गया। सिविल इंजीनियरिंग शील्ड का पुरस्कार दक्षिण मध्य और दक्षिण रेलवे के साथ संयुक्त रूप से पश्चिम रेलवे को प्राप्त हुआ।

### अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

- डॉ. शिशिर कुमार राउल – अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक
- विजय कुमार – स्टेशन लेखा के वरिष्ठ यात्रा निरीक्षक
- मंजू मीना – वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक
- नलिन लोचन गुप्ता – वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर
- शुचिता अरोड़ा – मंडल बिजली इंजीनियर
- श्याम सुंदर शर्मा – मंडल सिगनल और दूरसंचार इंजीनियर
- प्रशांत सिंह – उप मुख्य इंजीनियर
- नरेंद्र कुमार – वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक


## परभणी हिंसा और बीड सरपंच हत्या को लेकर शरद पवार चिंतित

- देवेंद्र फडणवीस से फोन पर की बात

डीबीडी संवाददाता। मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र के दौरान परभणी हिंसा के मुद्दे ने जोर पकड़ा था। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस से मामले में जवाब देने के लिए कहा गया था, जिस पर जांच कर उन्होंने सत्र के दौरान इस मामले को लेकर विपक्ष को उत्तर दिया था। इस मामले को लेकर शरद पवार ने चिंता जताई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने बीड में सरपंच की हत्या और परभणी में हिंसा के बाद एक व्यक्ति की मौत से जुड़ी घटनाओं पर रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से फोन पर बात की।

### परिजनों से शरद पवार ने मुलाकात की



शरद पवार ने बीड में मारे गए सरपंच संतोष देशमुख और परभणी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर न्यायिक हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों से शनिवार को मुलाकात की थी। राकांपा (एसपी) प्रमुख ने रविवार को शहर के कृषि महाविद्यालय में भीमथडी जात्रा में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को फोन किया और उनसे बीड एवं परभणी मामलों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

## डंकी रूट से भारत में घुसा बांग्लादेशी नागरिक

- 34 साल बाद मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई की कफ परेड पुलिस ने एक ऐसे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है जो 34 साल पहले मुंबई में डंकी रूट के जरिए दाखिल हुआ था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी बांग्लादेशी नागरिक वहां के चटगांव का रहने वाला है। उसका नाम मोइन हयात बादशाह शेख साल है। एक अधिकारी ने बताया कि वह महज 17 साल की उम्र में अवैध रूप से भारत में घुसा था। तब से वह भारत और बांग्लादेश के बीच कई बार आवाजाही कर चुका है। पुलिस ने बताया कि एंटी टेररिस्ट सेल (ATC) को जानकारी मिली थी कि एक बांग्लादेशी नागरिक यहां दक्षिण मुंबई में कई साल से रह रहा है। इसके बाद डीसीपी जोन-1 प्रवीण मुंढे ने एक टीम बनाई, इस टीम ने जांच के बाद मोइन को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी डंकी रूट से भारत आया था और इसके पास अब भारत का वोटर आईडी भी है जिसका इस्तेमाल कर उसने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान भी किया था।

### आरोपी के पास से मिले कई डॉक्युमेंट्स



यही नहीं, शेख के पास से पुलिस को इंडिया का आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला है। जांच में पता चला कि शेख 1990 में जब पहली बार मुंबई आया था, तब से मुंब्रा, कुर्ला, गोवंडी और परेल में बच्चों को उर्दू और कुरान पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, उसके पास पासपोर्ट नहीं है। शेख कफ परेड के अंबेडकर नगर में एक घर का मालिक भी है, जहां वह अपने परिवार के साथ रहता है। वह आखिरी बार 2021 में बांग्लादेश गया था।

### होटल के साथ करता था कोचिंग का भी काम

पुलिस ने बताया कि आरोपी शेख एक होटल में सफाई का काम करता था और बगल के हॉल में बच्चों को पढ़ाता था। उनसे वह दो-दो हजार रुपये लेता था। पूछताछ के दौरान शेख ने खुलासा किया कि वो बांग्लादेश में अपने दोस्त को रुपये में पैसे भेजता था उसका दोस्त रुपये को बांग्लादेशी करेंसी टके में कन्वर्ट कर देता था। पुलिस को शेख ने बताया कि वह बांग्लादेश जाने के लिए मुंबई से कोलकाता जाता था। इसके लिए वह फ्लाइट लेता था।

## आध्यात्मिक गुरु को मिली जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज




**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में एक आध्यात्मिक गुरु को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को विले पार्ले पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। आध्यात्मिक गुरु आशुतोष पांडेय ने आरोप लगाया है कि वह उत्तर प्रदेश से महाराष्ट्र जा रहे थे तभी उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। अधिकारी ने कहा, ₹पांडेय ने आरोप लगाया है कि उन्हें उत्तर प्रदेश में भी इस तरह की धमकी भरी कॉल मिली थीं। उनकी शिकायत के आधार पर हमने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है और मामले की जांच जारी है।

## साथ के नहीं है मोहताज, अकेले लड़ने में भी सक्षम: जगताप

**मुंबई।** मुंबई में जल्द ही बीएमसी के चुनाव होने वाले है, जिसके लिए शरद पवार गुट और शिवसेना यूबीटी के बीच मतभेद दिखाई दे रहे है। हाल ही में संजय राउत ने पार्टी के बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान किया है। इसे लेकर शरद पवार गुट ने भी अपना रूख साफ कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) (NCP-SCP) पुणे शहर के अध्यक्ष प्रशांत जगताप ने रविवार को साफ किया कि उनकी पार्टी आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव अकेले लड़ने के लिए तैयार है, बशर्ते कि उनकी गठबंधन सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) अकेले लड़ने का फैसला करे।



### संजय राउत ने दिए संकेत

यह संजय राउत के उस संकेत के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिवसेना (यूबीटी) अकेले चुनाव लड़ सकती है, क्योंकि पार्टी कार्यकर्ता इसकी मांग कर रहे हैं। हालांकि, जगताप ने इस बात पर जोर दिया कि एनसीपी (एससीपी) गठबंधन में चुनाव लड़ना पसंद करती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वे अकेले भी लड़ने में सक्षम हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उनका प्राथमिक लक्ष्य भाजपा को महाराष्ट्र और देश में अपना प्रभाव फैलाने से रोकना है।

### क्या कहा जगताप ने ?

जगताप ने कहा, "अगर शिवसेना (यूबीटी) और संजय राउत अलग-अलग बातें कर रहे हैं, तो हम (आगामी स्थानीय निकाय चुनाव) अकेले या कांग्रेस के साथ लड़ने के लिए भी तैयार हैं।" शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) गठबंधन महा विकास अघाड़ी गठबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जो महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का विरोध कर रहा है।

### 'भाजपा के खिलाफ है मोर्चा'

जगताप ने कहा, "पिछले 10 महीनों में हमने गठबंधन में विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़े हैं। संघर्ष वापसी या राजनीतिक लाभ के लिए नहीं है, बल्कि हमारा ध्यान भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) को महाराष्ट्र और देश भर में आतंक फैलाने से रोकना है। इसके बावजूद, अगर शिवसेना (यूबीटी) अलग सोच रही है (स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के बारे में) तो शायद इससे आगामी चुनावों में भाजपा को फायदा होगा। हम गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहते हैं।

संपादकीय

# संसद के लिए काला दिवस

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी से संसद से लेकर सड़क तक बवाल मचा हुआ है। इस पर खेद जताना तो दूर, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष पर ही आरोप लगा रही है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को राज्यसभा में शाह ने यह कहकर कांग्रेस और विपक्ष पर अशालीन टिप्पणी की थी कि 'आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन हो गया है। अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर! इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' नाराज़ विपक्ष ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में इस मामले को पुरज़ोर तरीके से उठाया और शाह से न केवल माफ़ी बल्कि इस्तीफे की भी मांग की थी। पूरे देश में इसे लेकर उनके प्रति नाराज़गी देखी गई परन्तु धृष्टता का परिचय देते हुए शाह ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 'अगले 15 वर्षों तक मल्लिकार्जुन खरगे उसी जगह पर बैठेंगे जहां अभी हैं।' यानी विपक्ष में रहेंगे। खरगे का उन्होंने इसलिये उल्लेख किया क्योंकि उन्होंने शाह से माफी की मांग की थी। भाजपा की हठधर्मिता एवं अहंकार का मिला-जुला रूप गुरुवार को देखने को मिला जब विपक्षी सदस्य नीले कपड़े पहनकर और हाथों में बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीरें लिये हुए मकर द्वार से संसद के भीतर जा रहे थे। अनेक भाजपा सदस्यों ने उनका रास्ता रोक लिया। इस धक्का-मुक्की में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नीचे गिर गये जिन्हें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस सासंद वर्षा गायकवाड़ आदि ने सम्हालने की कोशिश की। इसे लेकर खरगे ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। अभी तीन दिन पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने निर्देश दिये थे कि किसी भी सदस्य को कोई भी संसद प्रवेश करने से नहीं रोकेगा। गुरुवार को विपक्षी सांसदों को रोकने की कोशिश जिन सदस्यों ने की, वे भाजपायी थे। गुरुवार का वाकया बतलाता है कि भाजपा के सांसद उनके कितने कहने में हैं। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेसियों द्वारा की गयी धक्का-मुक्की से भाजपा के दो सांसद घायल हो गये हैं। इनमें से एक प्रताप सारंगी ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया जो उन पर आकर गिरा। इसके कारण उनके सर पर चोट आई है। ऐसे ही, मुकेश राजपूत भी घायल हुए हैं। बताया गया है कि उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ज़ख्मी सांसदों का हाल-चाल जाना। वैसे राहुल ने कहा कि खरगे को धक्का दिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि भाजपा के सांसद उन्हें भी धमका रहे थे और प्रियंका को भी रोकने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को बचाया। अब भाजपायी सांसद राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर दबाव डालना चाहते हैं। उनके विरूद्ध भी भाजपा विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। इस मामले को लेकर सदन के भीतर भी जमकर विवाद हुआ। जहां एक ओर विपक्ष शाह के माफ़ी व इस्तीफे की मांग पर अड़ा रहा वहीं भाजपा प्रतिपक्ष पर ही झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाती रही। इसके कारण जमकर हुए हंगामे के बाद सदनों की कार्यवाही चलनी मुश्किल हो गयी। दोनों सदनों को शुक्रवार तक के लिये स्थगित कर दिया गया। इस सारे मामले को सम्भवतः मोदी, ओम बिड़ला एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। इसलिये उन तीनों की ओर से कोई गम्भीर पहल नहीं की गयी कि उभय पक्षों को बिठाकर सुलह करायी जाये। बाद में अवश्य बिड़ला ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से परम्पराओं के पालन एवं संयम बरतने की अपील की। वहीं मोदी ने तो एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस मुद्दे को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। उन्होंने शाह का वीडियो यह कहकर पोस्ट किया कि इसे अवश्य देखा जाना चाहिये। इस तरह वे आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। भाजपा का यह रुख इसलिये दोहरा कहा जा सकता है कि एक्स ने खुलासा किया है कि सरकार की ओर से कहा गया था कि राज्यसभा में शाह के बयान वाले वीडियो को हटा दिया जाये।

# नाकाम अमेरिकी स्वास्थ्य सेवाएं भारत के लिए सबक

अमेरिका की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा प्रदाता कंपनी यूनाइटेड हेल्थ केयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन की इस महीने की शुरुआत में हुई हत्या पर अमेरिकी जनता ने अपनी गहरी भावनाएं व्यक्त की हैं। शूटर के प्रति जनता के मन में सहानुभूति है। उसके इस कृत्य की तारीफ भी की जा रही है। थॉम्पसन की जान लेने वाली गोलियों पर तीन 'डी'- 'डिनाय', 'डिले', 'डिफेंड' (इनकार, देरी, बचाव) लिखा था पर इन्हें जरूर समझा जाना चाहिए जिनकी वजह से यह वारदात हुई।

तीन 'डी' एक संक्षिप्त शब्द बन गया और उन आलोचकों के लिए एक हथियार सा बन गया है जो इस बात पर नजर रखे हुए हैं कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को अस्वीकार करने या देरी करने और अपने सभी कॉर्पोरेट के साथ अपनी हरकतों का बचाव करके मरीजों को इतना हताश कर देती हैं कि चिकित्सा दावों के भुगतान मामलों में वे अपने दावे के बीच में ही हार मान लें। यह विलंब कॉर्पोरेट रणनीति का हिस्सा है जो बीमा कंपनियों के मुनाफे, कर्मचारियों को उच्च वेतन और दिवंगत सीईओ ब्रायन थॉम्पसन जैसों को बोनस बांटता है। कंपनी की टीमें एक तरफ कथित तौर पर बैकएंड पर दावों के इनकार पर काम करती हैं जबकि फ्रंटएंड में- उदाहरण के तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर के मामले में चीफ अफोर्डबिलिटी ऑफिसर जैसे लोग नियुक्त किए जाते हैं जो आपके स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली एक रंगीन तस्वीर दिखाते हैं।

स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का यह एक ऐसा पहलू है जो अत्यधिक जटिल है, जहां बड़े पैमाने पर निजीकरण और मुनाफे के साथ तीव्र प्रतिस्पर्धा है जो इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में शीर्ष दो या तीन सबसे अधिक लाभदायक क्षेत्र बनाता है। वैश्विक शोध फर्म आईबीआईएस वर्ल्ड के अनुसार 2024 में स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा व अस्पतालों को मिलाकर अनुमानित 267 अरब अमेरिकी डालर का कुल लाभ हुआ जिसकी वजह से यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे बड़ा लाभदायक उद्योग बन गया। मैकिन्से ने जनवरी 2024 में एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि 'हेल्थ केयर प्रॉफिट पूल' 7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ेगा जो 2022 के 583 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2027 में 819 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।

यह एक ऐसी व्यवस्था है जिससे भारत ही नहीं बल्कि दुनिया को भी सावधान रहने की जरूरत है। एक अत्यधिक लाभ केन्द्रित क्षेत्र में जहां जनता का स्वास्थ्य ही पैसा कमाने का जरिया हो यह उन सभी चीजों की ओर इशारा करती है जो स्वास्थ्य क्षेत्र के संचालन के तरीके में शामिल नहीं होने चाहिये। इस बात से सबक लेना चाहिए है कि अब जो गुस्सा निकल रहा है वह सतह के नीचे था और लंबे समय तक टुकड़ों-टुकड़ों में देखा गया था।



जगदीश रत्तनानी

गौर करें कि मारे गए सीईओ ने दो साल पहले लिंक्डइन प्लेटफॉर्म पर एक संदेश पोस्ट किया था जिसमें कहा गया थाः 'स्वास्थ्य देखभाल को और अधिक किफायती बनाना ... (है) अभी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दवा की कीमतों को कम करना और मूल्य पारदर्शिता में सुधार करना दो तरीके हैं जिनके माध्यम से हम यूनाइटेड हेल्थकेयर के सदस्यों के लिए लागत कम करने के लिए काम कर रहे हैं।' उस पोस्ट के नीचे की टिप्पणियां आंखें खोलने वाली थीं। एक ने लिखा- 'मुझे फेफड़ों का स्टेज-4 का मेटास्टैटिक कैंसर है। चिकित्सा दावों के लिए सभी अस्वीकृतियों के कारण हमने यूएचसी छोड़ दिया है। मनाही करने के लिए हर महीने एक अलग कारण होता है। इलाज के लिए आज तक हम 20,000 डॉलर से अधिक खर्च कर चुके हैं और इससे अधिक खर्च करना हमारी इस साल की आर्थिक क्षमता के बाहर है। चूंकि हमारी उम्र 60 साल से अधिक हैं- हमारे पास इसे फिर से भरने का समय नहीं है।' कई अन्य लोगों ने इस नाराजगी पर सहमति जाहिर की हालांकि पोस्ट पर कई 'लाइक'भी दर्ज किए।

आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि अमेरिका की सभी बीमा कंपनियों की तुलना में इसकी उच्चतम इनकार दर है। कंपनी ने कहा कि वह लगभग 90 प्रतिशत चिकित्सा दावों को मंजूरी देती है और भुगतान करती है। लेकिन अन्य सर्वेक्षणों और रिपोर्टों ने बढ़ती लागत और बढ़ते दावों को नकारने पर निराशा और चिंताओं की ओर इशारा किया है। बीमा कंपनियों ने सामान्य रूप से इस प्रक्रिया को एक रोड ब्लॉक में बदल दिया है जिसे पार करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है। हालांकि अब समूह के सीईओ एंड्रयू विट्टी इस बात से सहमत हो गए हैं कि प्रणाली 'त्रुटिपूर्ण' है।

अगर अमेरिका में व्याप्त व्यक्तिवादी, मुक्त बाजार, पूंजीवादी व्यवस्था में इस तरह का विद्रोह देखने को मिल सकता है तो कम से कम भारत को अमेरिकी व्यवस्था के करीब जाने या उसे अपनाने से सावधान रहने की जरूरत है। इसी मामले में जापान के बारे में विचार करें जहां 1960 के दशक में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा कवरेज आया। वहां लगभग सभी बीमारियों के उपचार कवर किए गए हैं, अधिकांश सेवाएं एक व्यवस्थित और दीर्घकालिक देखभाल बीमा प्रणाली के जरिए सस्ती हैं।

ये ऐसे कुछ सबक हैं जिन्हें हमें अस्वीकार करना चाहिए। भारत में स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमें नया सीखने की जरूरत है।

जीवन मंत्र

ओशो

# सूफी संत की शर्त

सूफी संत ने परमात्मा से कहा, 'मुझे माफ करें। मैं आपसे कुछ भी मांग नहीं सकता, क्योंकि मुझे सचमुच किसी चीज की जरूरत नहीं है। आप उदार हैं, करुणावान हैं; मगर मेरे भीतर अतृप्ति का कोई कोना नहीं बचा।

एक सूफी रहस्यदर्शी हुआ करता था। वह कभी मस्जिद नहीं जाता था। उसने कभी परमात्मा का नाम तक नहीं लिया; लेकिन उसका होना ही प्रेम से, आनंद से, प्रार्थना से भरपूर था। परमात्मा स्वयं उस अजीब रहस्यदर्शी को लेकर उत्सुक हुए और उसके पास जाकर कहा, 'मैं तुमसे बहुत खुश हूं। तुम्हारे जैसे ही लोग होने चाहिए। मैं तुम्हें देखता रहा हूं और तुम्हारे प्रेम में पड़ गया हूं। तुम प्रार्थना बन गए। तुम इस दुनिया में मेरे सबूत हो कि मनुष्य का अस्तित्व बहुत ऊंचा है। हालांकि, तुम कभी तर्क नहीं करते, तुमने कभी मेरा नाम तक नहीं लिया। लोग फालतू के काम करते रहते हैं, मगर तुम जिए, तुमने प्रेम किया और तुम इतने आनंदमग्न हो कि तुम्हें किसी भाषा कि जरूरत नहीं रही; तुम्हारी उपस्थिति ही अस्तित्व का सबूत बन गई। मैं तुम्हें आशीष देना चाहता हूं। तुम कुछ भी मांग सकते हो।'

सूफी संत ने परमात्मा से कहा, 'मुझे माफ करें। मैं आपसे कुछ भी मांग नहीं सकता, क्योंकि मुझे सचमुच किसी चीज की जरूरत नहीं है। आप उदार हैं, करुणावान हैं; मगर मेरे भीतर अतृप्ति का कोई कोना नहीं बचा। इसलिए आपको मुझे माफ करना होगा। मुझे आपसे कुछ नहीं चाहिए।'



परमात्मा बोले, 'मुझे पता था कि तुम अपने लिए कुछ भी नहीं मांगोगे, मगर दूसरों के लिए तो मांग सकते हो? इस दुनिया में लाखों लोग हैं, जो दुखी और बीमार हैं। मैं तुम्हें शक्ति दे सकता हूं, ताकि तुम चमत्कार कर सको और लोगों के जीवन को बदल सको।' इस पर संत ने कहा, 'यदि आपका इतना आग्रह है, तो एक शर्त के साथ आपका यह उपहार स्वीकार कर सकता हूं।' परमात्मा ने पूछा, 'कैसी शर्त?' संत ने कहा, 'मुझे पता नहीं चलना चाहिए कि मेरे द्वारा क्या हो रहा है। यदि मुझे पता चले कि मैंने ऐसा कर दिया या परमात्मा ने मुझे उपकरण की तरह चुना है, तो यह खतरनाक है, क्योंकि मैं आनंद से भरा हूं। मुझे फिर से 'मैं' की तरफ मत ले जाइए।'

कहते हैं, परमात्मा ने उस सूफी संत से कहा, 'तुम अजीब ही नहीं, अद्वितीय हो। और ऐसा ही होगा। तुम्हें कभी पता नहीं चलेगा कि तुम्हारे आस-पास क्या घट रहा है? जहां कहीं भी तुम जाओगे, वहां चमत्कार होगा। न लाभार्थियों को पता चलेगा कि तुमने चमत्कार किए और न ही तुम्हें मालूम पडे़गा। मैं यह शर्त याद रखूंगा।'

संसार में सबसे महान चमत्कार यह है कि तुम नृत्य करो और नृत्य में खो जाओ और तब नृत्य को करने दो, जो भी उससे हो। तुम प्रेम करो और प्रेम में खो जाओ और प्रेम को कर लेने दो, जो वह कर सके। तुम दावा नहीं कर सकते कि यह तुम कर रहे हो, क्योंकि तुम तो पहले ही खो चुके हो।

जीवन ऊर्जा


चौधरी चरण सिंह : जन्म 23 दिसंबर 1902

जन्म

चौधरी चरण सिंह भारत के 5वें प्रधानमंत्री थे। उनका जन्म 23 दिसंबर 1902 में हुआ था। उन्होंने 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 के बीच भारत के 5वें प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया। इतिहासकार और लोग समान रूप से उन्हें 'भारत के किसानों के चैंपियन' के रूप में संदर्भित करते हैं। उन्होंने अपनी आखरी सांस 29 मई, 1987 में ली थी।

# किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा

असली भारत गांवों में रहता है। अगर देश को उठाना है, तो पुरुषार्थ करना होगा, हम सब को पुरुषार्थ करना होगा। मैं भी अपने आपको उसमें शामिल करता हूं, मेरे सहयोगी मिनिस्टरों को, सबको शामिल करता हूं, हमको अनवरत परिश्रम करना पड़ेगा, तब जाके देश की तरक्की होगी। राष्ट्र तभी संपन्न हो सकता है जब उसके ग्रामीण क्षेत्र का उन्नयन किया गया हो तथा ग्रामीण क्षेत्र की क्रय शक्ति अधिक हो। जब तक किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होगी तब तक देश की प्रगति संभव नहीं है। किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा। किसानों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ती तब तक औद्योगिक उत्पादों की खपत भी संभव नहीं है।



भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी, चाहे कोई भी लीडर आ जाए, चाहे कितना ही अच्छा प्रोग्राम चलाओ; वो देश तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी का मतलब, जो हल की चऊँ को धरा पर चलाता है। हरिजन लोग, आदिवासी लोग, भूमिहीन लोग, बेरोजगार लोग या जिनके पास कम रोजगार है और अपने देश के 50% फीसदी किसान जिनके पास केवल 1 हैक्टेयर से कम जमीन है; इन सबकी तरफ सरकार को विशेष ध्यान होगा। सभी पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों, कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जनजातियों को अपने अधिकतम विकास के लिए पूरी सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित की जाएगी। किसान इस देश का मालिक है, परंतु वह अपनी ताकत को भूल बैठा है। देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है।

सक्सेस मंत्र


# इंसान अपनी कीमत खुद बनाता है

एक बार एक अध्यापक ने अपनी क्लास के बच्चों को किताबी ज्ञान से हटकर जीवन से जुड़ा एक अहम पाठ पढ़ाने की सोची। उन्होंने अपनी जेब से 100 रुपये का एक नोट निकालकर क्लास के बच्चों को दिखाते हुए पूछा, 'क्या आप लोग बता सकते हैं कि यह कितने रुपये का नोट है' ? सभी बच्चों ने कहा – '100 रुपये का' टीचर – इस नोट को कौन कौन लेना चाहेगा ? टीचर का सवाल सुनकर सभी बच्चों ने अपना हाथ खड़ा कर दिया। अब उस टीचर ने उस नोट को अपनी मुट्ठी में बंद करके बुरी तरह मसल दिया। जिसकी वजह से वह नोट बुरी तरह खराब हो गया। टीचर ने एक बार फिर बच्चों को नोट दिखाकर सवाल किया, क्या अब इस नोट को ऐसे देखकर कोई बच्चा इसे लेना चाहेगा? ' टीचर का सवाल सुनकर सभी बच्चों ने एक बार फिर अपने हाथ उठा दिएं। टीचर ने अब उस नोट को जमीन पर फेंककर उसे अपने जूते से बुरी तरह कुचल दिया। नोट को जूते से कुचलने के बाद टीचर ने नोट उठाकर फिर से बच्चों से सवाल करके पूछा कि अब इसे कौन लेना चाहेगा ? सभी बच्चों ने फिर से हाथ उठा दिया। बच्चों का जवाब देखकर टीचर ने बच्चों से मुस्कुराते हुए कहा, बच्चों आज मैंने तुम्हें खेल-खेल में जीवन से जुड़ा एक बहुत अहम पाठ पढ़ाया है। टीचर ने कहा, ये 100 रुपये का नोट था, लेकिन जब मैंने इसे हाथ से कुचला तो ये नोट कुचल गया लेकिन इसकी कीमत 100 रुपये ही रही, इसके बाद जब मैंने इसे जूते से मसला तो ये नोट गंदा जरूर हो गया लेकिन फिर भी इसकी कीमत 100 रुपये ही रही। ठीक वैसे ही एक अच्छा इंसान अपनी काबिलियत और स्वभाव हर परिस्थिति में एक जैसा ही बनाए रखता है। जीवन में उसे चाहे कितनी भी मुश्किलें और विफलता झेलनी पड़ जाए लेकिन उसकी कीमत ज्यों की त्यों बनी रहती है। अच्छा व्यक्ति आज भी बेहतर होगा और कल भी बेहतर रहेगा।

शख्सियत

रासबिहारी बोस

# ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ने वाले क्रांतिकारी



रासबिहारी बोस एक भारतीय क्रांतिकारी नेता थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। वह गदर विद्रोह के प्रमुख आयोजकों में से एक थे और उन्होंने इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना की। बोस ने भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) का भी नेतृत्व किया, जिसका गठन 1942 में मोहन सिंह के नेतृत्व में किया गया था।

रासबिहारी बोस का जन्म 25 मई 1886 को पूर्व बर्धमान जिले के सुबलदाहा गांव में हुआ था, जो अब पश्चिम बंगाल, भारत में है। बोस ब्रिटिश राज की भीषण महामारी और अकाल के दौरान बड़े हुए। इसने ब्रिटिश शासन के प्रति उनकी नापसंदगी को और बढ़ा दिया। उनके पिता का नाम बिनोद बिहारी बोस और माता भुवनेश्वरी देवी थीं। तिनकोरी दासी रासबिहारी बोस की पालक मां थीं। 1905 में बंगाल के विभाजन और उसके बाद हुई घटनाओं ने रासबिहारी बोस को क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल कर लिया। रासबिहारी ने निष्कर्ष निकाला कि सरकार देशभक्तों की ओर से क्रांतिकारी कार्रवाई के बिना नहीं झुकेगी। उन्होंने एक प्रख्यात क्रांतिकारी नेता जतिन बनर्जी के मार्गदर्शन में अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों को तेज करना शुरू कर दिया।

28 मार्च 1942 को टोक्यो में आयोजित एक सम्मेलन के बाद इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना का निर्णय लिया गया। कुछ दिनों के बाद सुभाष चंद्र बोस को इसका अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। मलाया और बर्मा में जापानियों द्वारा पकड़े गए भारतीय कैदियों को भारतीय स्वतंत्रता लीग और भारतीय राष्ट्रीय सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह कैप्टन मोहन सिंह और सरदार प्रीतम सिंह के साथ रासबिहारी के प्रयास थे, जिसके कारण 1 सितंबर, 1942 को भारतीय राष्ट्रीय सेना अस्तित्व में आई। इसे आज़ाद हिंद फौज के नाम से भी जाना जाता था।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कबीरदास जी की भगवान पर विश्वास


एक बार कबीर जी ने साहूकार से एक सौ रूपए लिए और साधू संतों पर खर्च कर दिए और इकरार किया कि कुछ महीने के बाद सूद समेत दूँगा। महीने निकल गए पर पैसे नही दिए। वह साहूकार भी बड़ा बेदर्द था उसने काजी की कचहरी में अर्जी दे दी और डिगरी करवाकर कुर्की ले ली। कबीर जी के एक प्रेमी ने आकर बताया तो वह बड़े परेशान हुए। उन्होंने अपनी पत्नी लोई जी से कहा कि घर का सारा सामान पड़ोसियों के यहाँ पर रख दो, जिससे साहूकार उनको कुर्क ना करा सके और मैं चार दिन इधर-उधर चला जाता हूँ। जब रूपये होगें तो साहूकार को देकर उससे देरी के लिए क्षमा माँग लूँगा। लोई जी ने कहा स्वामी मुझे निश्चय है कि राम जी अपने भक्त की कभी कुर्की नहीं होने देंगे। आपको कहीं पर भी जाने की जरूरत नहीं है। कबीर जी ने अपनी पत्नी का निश्चय देखा फिर भी कहा लोई फिर भी मुझे कुछ दिन कहीं पर बिताने चाहिए।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

लोई जी स्वामी जी इसकी कोई जरूरत नहीं है इस काम को राम जी अपने आप ही सवारेंगे। लोई जी ने निश्चय के साथ कहा कबीर जी मुस्कराकर बोले प्यारी लोई यही तो तेरा गुरू रूप है।

लोई जी ने कहा स्वामी जी गुरू बोलकर मेरे सिर पर भार ना चढ़ाओ। कबीर जी लोई जी इसमें भला सिर पर भार चढ़ाने वाली कौन सी बात है। जो उपदेश दे उसको गुरू मानना ही पड़ेगा। कबीर जी अपनी पत्नी के साथ बात करने में इतने मग्न हो गये कि वह साहूकार और कुर्की वाली बात ही भूल गये। रात हो गई परन्तु साहूकार नहीं आया। सोने से पहले कबीर जी ने फिर कहा लोई ऐसा लगता है कि साहूकार सबेरे पिआदे लेकर कूर्की करने आएगा। लोई जी ने दृढ़ता के साथ कहा स्वामी जी, जी नहीं बिल्कुल नहीं कतई नहीं कोई कूर्की नहीं होगी। परमात्मा जी उसे हमारे घर पर आने ही नहीं देंगे। कबीर जी लोई तूने मेरे रामजी से कुछ ज्यादा ही काम लेना शुरू कर दिया है। लोई जी स्वामी जब हम उनके बन गए हैं तो हमारे काम वह नहीं करेंगे तो कौन करेगा।



तभी अचानक किसी ने दरवाजा खटखटाया। लोई जी ने उठकर दरवाजा खोला तो सामने साहूकार का मुंशी खड़ा हुआ था जो साहूकार की तरफ से तकाजा करने जाया करता था। लोई जी ने मूँशी से पूछा क्यों राम जी के भक्त। हमारी कुर्की करने आए हो। मुंशी नम्रता से कहा जी नहीं। माता जी आपकी कुर्की करने कोई नहीं आएगा। क्योंकि जब हम कल कचहरी से कुर्की लेने गए तो वहाँ पर एक सुन्दर मुखड़े वाला और रेश्मी वस्त्र धारण करने वाला सेठ आया हुआ था। उसने हमसे पूछा कि कबीर जी से आपको कितने रुपये लेने हैं। साहूकार ने कहा कि 100 रूपये और सूद के 30 रूपये। उस सुंदर मुखड़े वाले सेठ ने एक थैली साहूकार के हवाले कर दी और कहने लगा कि इसमें पाँच सौ रूपये हैं यह कबीर जी के हैं और हमारे पास सालों से अमानत के तौर पर पड़े हुए हैं जितने तुम्हारे हैं आप ले लो और बाकी के कबीर जी के घर पर पहुँचा दो।

साहूकार जी उनसे और बातचीत करना चाह रहे थे। परन्तु वह पता नहीं एकदम से कहाँ चले गये जैसे छूमँतर हो गए हों। यह कौतुक देखकर साहूकार पर बहुत प्रभाव पड़ा। वह समझ गया कि कबीर जी कोई ईश्वर बन्दे हैं और वह उनकी कुर्की करके गुनाह के भागी बनने जा रहे थे। साहूकार जी ने यह थैली आपके पास भेजी है। इसमें पूरे पाँच सौ रूपये हैं। साहूकार जी ने कहा है कि कबीर जी उनके रूपये भी धर्म के काम में लगा दें और उनका यह पाप बक्श दें। लोई जी ने कबीर जी से कहा स्वामी राम जी की भेजी हुई यह माया की थैली अन्दर उठाकर रखो। दोनों पति पत्नी अपने राम का गुणगान करते हुये थैली उठाकर अन्दर ले गए। उसी दिन कबीर जी के घर पर एक बहुत बड़ा भण्डारा हुआ, जिसमें वह सारी रकम खर्च कर दी गई।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# सोमवती अमावस्या 30 दिसंबर को

## जानें पूजा-विधि समेत सभी जानकारियां



30 दिसंबर को आने वाली सोमवती अमावस्या विशेष महत्व रखती है। इस दिन वृद्धि योग और मूल नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है, जो इसे और भी पवित्र और फलदायी बनाता है। हिंदू धर्म में अमावस्या के दिन का विशेष महत्व होता है। खासकर जब यह सोम यानी सोमवार के दिन पड़ती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इसे सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। पीपल वृक्ष की पूजा करने से घर परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। पंडित सूर्यमणि पांडेय ने बताया कि इस सोमवती अमावस्या पर वृद्धि योग बन रहा है, जो शुभ कार्यों और साधना के लिए अनुकूल है। वहीं मूल नक्षत्र इस दिन को और भी पवित्र बनाता है। इस संयोग में किए गए धार्मिक कार्य और पूजा अत्यधिक फलदायी होते हैं। यह योग धन-धान्य, समृद्धि और परिवार के कल्याण के लिए श्रेष्ठ माना गया है।

### पीपल वृक्ष की पूजा का महत्व

आचार्य पप्पू पांडेय कहते हैं कि सोमवती अमावस्या पर पीपल के वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि पीपल में सभी देवताओं का वास होता है। महिलाएं इस दिन पीपल के वृक्ष की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और परिवार की लंबी आयु की कामना करती हैं। सोमवार की सुबह से ही मंदिरों और पीपल वृक्ष के नीचे श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा के लिए जुटेगी। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी, थाल में दीप, कच्चा दूध, गंगाजल और चावल लेकर वृक्ष की पूजा करेंगी। भक्त पूजा में वृक्ष पर जल, दूध और चावल अर्पित कर 108 बार परिक्रमा करते हुए सुख-समृद्धि की मंगल कामना करेंगे।

#### पूजा-विधि

प्रात:काल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पीपल वृक्ष के नीचे दीपक जलाएं और गंगाजल अर्पित करें। वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करें और ॐ नम: शिवाय या ॐ विष्णवे नम: का जाप करें। पीपल को कच्चा दूध, जल, हल्दी और चावल अर्पित करें।

#### पितृ तर्पण और दान का महत्व


इस दिन पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण करना और दान देना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। गायों को चारा खिलाना, गरीबों को भोजन कराना और कपड़े या धन का दान करना पुण्यकारी होता है।

### धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टिकोण

ज्योतिष विशेषज्ञों के अनुसार इस दिन ग्रहों की स्थिति साधना और मंत्र जाप के लिए बेहद अनुकूल है। वृद्धि योग और सोमवती अमावस्या का संयोग जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाता है। पूजा के दौरान कुछ बातों का भक्त अवश्य ख्याल रखें। पूजा में सच्ची श्रद्धा और आस्था रखें। नकारात्मक विचारों से बचें और दूसरों की भलाई का संकल्प लें। अमावस्या के दिन अधिक क्रोध या विवाद से बचें। इस सोमवती अमावस्या पर वृद्धि योग और मूल नक्षत्र का संयोग इसे विशेष बनाता है। पीपल वृक्ष की पूजा, पितृ तर्पण और दान-पुण्य से न केवल सुख-समृद्धि प्राप्त होगी, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतोष भी मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रखने वाले भक्तों के लिए यह दिन एक स्वर्णिम अवसर है। अमावस्या पर महिलाओं की श्रद्धा और समर्पण धार्मिक स्थलों पर एक विशेष ऊर्जा का संचार करता है, जो सुख-समृद्धि और शांति का संदेश देता है।

# पहली बार जिम जा रही हैं तो कपड़ों से लेकर एक्सरसाइज से जुड़ी ये बातें रखें याद

महिलाओं के लिए जिम जाना कोई नई बात नहीं लेकिन ऐसा नही है। आज भी काफी सारी लड़कियां और महिलाएं जिम जाकर एक्सरसाइज नहीं करती हैं और उनके लिए जिम जाना बड़ी बात है। मन में डर, संकोच और काफी तरह से सवाल होते हैं। जिसकी वजह से वो जिम जाने से कतराती हैं। लेकिन अगर आप अपनी फिटनेस जर्नी को नेक्स्ट लेवल पर ले जाना चाहती हैं और जिम की शुरुआत कर रहीं तो कपड़ों से लेकर एक्सरसाइज को लेकर इन बातों को जरूर याद रखें।



### राइट जिमवियर चुनें

जिम जाते वक्त सबसे ज्यादा असहज स्थिति कपड़ों को लेकर हो सकती है। इसलिए सबसे कंफर्टेबल और राइट फिटिंग के जिम वियर चुनें। जो ना बहुत ज्यादा टाइट हो और ना ही बहुत ज्यादा ढीले। क्योंकि ढीले कपड़े कुछ एक्सरसाइज करते वक्त उठ सकते हैं। जिससे आप अनकंफर्टेबल हो सकती हैं। वहीं टाइट कपड़ों से भी असहज स्थिति पैदा हो सकती है।

### स्पोर्ट्स ब्रा का चुनाव करें सही

सही फिटिंग और कंफर्ट की स्पोर्ट्स ब्रा चुनें जो आपको पूरा सपोर्ट दे। इसके साथ ही हमेशा पैडेड स्पोर्ट्स ब्रा हो ही चुने। फिर चाहे जो भी बस्ट साइज हो, ये आपको असहज स्थिति से बचाएगा।

### बाउंड्रीज सेट करें

अगर जिम में किसी भी तरह की दिक्कत हो रही या फिर जिम ट्रेनर के साथ असहज स्थिति बन रही तो अच्छा होगा कि बिना सोचे जिम बदल दें। ऐसी जगह जिम ज्वाइन करें जहां आप सेफ महसूस करें।

### राइट जिम चुनें

हमेशा जिम को चुनते समय सतर्क रहें। ऐसे जिम को चुनें जो ना केवल सेफ बल्कि जहां ट्रेनर भी अच्छे हों। इसके साथ ही पहली बार जिम जा रहीं और असहज नहीं रहना चाहती तो हमेशा गर्ल्स टाइमिंग या गर्ल्स सेक्शन ही चुनें। जिससे आप एक्सरसाइज पर फोकस कर सकें और असहज होने से बचें।

### पहले से प्लान करके जाएं

जिम में पर्सनल ट्रेनर लेना अच्छा होगा अगर आप पहली बार जिम में एक्सरसाइज करने जा रहीं। ऐसा करने से आपको सारी मशीने इस्तेमाल करने के साथ ही सही टेक्निक का पता चलेगा। लेकिन अगर पर्सनल ट्रेनर नहीं कर रहीं तो पहले से ही प्लान करके या यूट्यूब से एक्सरसाइज का प्लान बनाकर जाएं। जिससे बिना समय गंवाएं आप अपनी एक्सरसाइज कर पाएं।

### लोगों को सोचने पर ना ध्यान दें


दूसरे क्या सोचते होंगे इस बारे में सोचने की बजाय अपनी फिटनेस पर फोकस करें और टार्गेट अचीव करने की कोशिश करें।

### फ्रेंड्स के साथ जाएं

किसी भी तरह की नर्वसनेस से बचना चाह रही हैं तो हमेशा किसी फ्रेंड्स के साथ जिम जाएं। ऐसा करने से आपको एक जिम पार्टनर भी मिल जाएगा और आप पहली बार वाले जिम की नर्वसनेस से भी दूर रहेंगी।

# उम्र से पहले ही इंसान को बूढ़ा बना देती हैं उसकी ये आदतें

महान कूटनीतिज्ञ आचार्य चाणक्य ने जीवन के लगभग हर एक पहलू पर अपने विचार दिए। आज भी उनकी नीतियां लोगों का मार्गदर्शन करने का काम कर रही हैं। उनकी नीतियां पढ़कर ऐसा लगता है मानों ये आज के समय को ध्यान में रखकर ही लिखी गई हों। आचार्य ने अपने नीतिशास्त्र में स्वस्थ जीवन से जुड़ी कुछ जरूरी बातें भी कही हैं। उन्होंने लोगों की कुछ ऐसी आदतों का जिक्र किया है जो उन्हें समय से पहले ही बूढ़ा बनाने का काम करती हैं। आइए जानते हैं आचार्य चाणक्य के अनुसार ऐसी कौन सी आदतें हैं, जिनसे दूरी बना लेने में ही लोगों को फायदा है क्योंकि ये उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से पहले ही कमजोर और बूढ़ा बना सकती हैं।



### खुलकर ना जी पाना

व्यक्ति जिस माहौल में रहता है, उसकी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर उसका भी असर पड़ता है। महान कूटनीतिज्ञ आचार्य चाणक्य के अनुसार, जो व्यक्ति बहुत ज्यादा बंधन में रहता है वो भी समय से पहले ही बूढ़ा दिखाई देने लगता है। दरअसल जब कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा बाउंडेशन में रहता है, तो वह कहीं भी किसी भी सिचुएशन में अपने विचार खुलकर नहीं रख पाता है। जिसकी वजह से वो अंदर ही अंदर घुटता रहता है, और इस घुटन का असर उसकी हेल्थ पर साफ दिखाई देता है।

### शारीरिक सुख में कमी

आचार्य चाणक्य के अनुसार किसी भी इंसान को जीवन में सुखी रहना है तो इसके लिए उसका शारीरिक रूप से खुश रहना भी बहुत जरूरी है। गृहस्थ जीवन से जुड़ा हुआ कोई भी व्यक्ति जब शारीरिक रूप से संतुष्ट नहीं होता है, तो उसका पूरा जीवन नीरस हो जाता है। इस नीरसता की वजह से इस व्यक्ति पर उम्र का पहरा भी साफ नजर आने लगते हैं। आचार्य चाणक्य के मुताबिक जो इंसान अपने जीवन में शारीरिक रूप से सुखी नहीं रहता है, वो समय से पहले बूढ़ा लगने लगता है।

### जरूरत से ज्यादा यात्रा करना

आचार्य चाणक्य के मुताबिक जो व्यक्ति बहुत ज्यादा यात्रा करता है, उसकी उम्र भी बहुत जल्दी ढलने लगती है। दरअसल किसी भी इंसान को फिट रहने के लिए, उसका रूटीन मेंटेन होना बहुत जरूरी है। समय से खाना, रूटीन में रहना और सोने और उठने का निश्चित समय होना, हेल्थी शरीर के लिए बहुत इंपॉर्टेंट है। लेकिन जब कोई व्यक्ति अधिकतर समय यात्रा पर ही रहता है, तो इस दौरान उसके रूटीन पर भी गहरा असर पड़ता है, जो उसकी हेल्थ पर भी असर डालता है।

### नेगेटिविटी भी डालती है स्वास्थ्य पर बुरा असर

आचार्य चाणक्य के अनुसार जो इंसान हर समय नेगेटिविटी से घिरा रहता है, उसे भी बुढ़ापा जल्दी घेर लेता है। दरअसल जब किसी इंसान के अंदर नेगेटिव विचार ज्यादा होते हैं, तो वो हर चीज में बस कमी की ही तलाश में लगा रहता है। ऐसा इंसान ना तो कभी खुलकर जी पाता है और ना ही कभी खुश रहता है, बस हर समय चिंता में ही डूबा रहता है। वो कहते हैं न 'चिंता चिता के समान', नेगेटिविटी से घिरे इंसान की चिंता ही उसे समय से पहले बूढ़ा बना देती है।

# सफलता चाहिए तो हर इंसान को ये काम जरूर करने चाहिए



लाइफ में सफल होने के लिए बहुत सारे काम करने होते हैं। और, सफल इंसान वो है जो ना केवल पैसे से रिच हो बल्कि फैमिली और रिलेशनशिप के साथ ही अपनी हेल्थ से भी रिच हो। तो अगर आप लाइफ में सक्सेजफुल बनना चाहते हैं तो 30 की उम्र आते-आते इन चीजों को जरूर कर लें।

### एक प्रॉपर्टी जरूर खरीदें

सक्सेजफुल बनना चाहते हैं तो अपने शहर में एक प्रॉपर्टी जरूर खरीदें। ये आपको शहर में पहचान देने और एक स्थायी ठिकाना देती है।

### फैमिली जरूर बनाएं

अगर सक्सेजफुल बनना चाहते हैं तो ऐसे प्यार और रिस्पेक्टफुल फैमिली बनाएं। जहां आप अपने पैरेंट्स के साथ ही अपने लाइफपार्टनर और बच्चों के साथ सुकून से रह सकें।

### इन्वेस्ट करें

कम उम्र में अर्निंग शुरू कर दी है तो इन्वेस्ट जरूर करें। जिससे कि फ्यूचर के लिए आपके पास पर्याप्त मनी हो। जितने भी इनवेस्टमेंट प्लान हैं वो आपको कम उम्र में इन्वेस्ट करने पर ही अच्छा रिटर्न देते हैं।

### मल्टीटास्किंग बने

सक्सेजफुल होने के लिए आपको एक साथ कई कामों में निपुण होना जरूरी है। सोशल स्किल के साथ ही ऐसी करियर से जुड़ी स्किल भी जरूर होनी चाहिए। जिससे करियर और फैमिली आगे बढ़े।

### हेल्थ पर ध्यान दें

सक्सेजफुल होने के लिए खुद की सेहत पर भी ध्यान दें। मेंटल और फिजिकल हेल्थ होगी तभी आप करियर पर फोकस कर पाएंगे।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

**वृष:** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

**मिथुन:** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा।

**कर्क:** बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

**सिंह:** जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या:** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**तुला:** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**वृश्चिक:** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

**धनु:** कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें।

**मकर:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे। चिंता रहेगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं।


**कुंभ:** आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।

**मीन:** रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

# मंगल- गुरु युति के प्रभाव



गुरु को बृहस्पति के रूप में भी जाना जाता है और गुरु सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है। वैदिक ज्योतिष में, यह एक बहुत ही शुभ ग्रह है। यह विकास, शिक्षा, विस्तार और परोपकार का प्रतीक है। जबकि मंगल एक चमकदार लाल ग्रह है जो सभी तात्कालिकता, उग्रता और आक्रामकता का प्रतिनिधित्व करता है। गुरु एक लाभकारी ग्रह है और मंगल एक हानिकर ग्रह है। कुंडली में गुरु और मंगल युति कई तरह के प्रभाव लाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में गुरु को शिक्षक माना गया है। यह ज्ञान, भक्ति, दया, धैर्य, न्याय और असाधारणता का प्रतिनिधित्व करता है। गुरु उदारता, समृद्धि, भाग्य, शिक्षण, शिक्षण, मैत्रीपूर्ण स्वभाव का भी कारक है। दूसरी ओर, मंगल को भूमिपुत्र माना जाता है। यह मूल भूमि का प्रतिनिधित्व करता है। मंगल ऊर्जा, क्रोध, क्रोध, उग्रता, साहस, कठोरता का कारक है।



प्रियंका जैन
9769994439

यह युद्ध, चोटों, सर्जरी और हिंसा को भी दर्शाता है। हालांकि, गुरु और मंगल की युति जातक को चतुर, बुद्धिमान बनाती है। शस्त्र, आध्यात्मिक बुद्धि, नेतृत्व की गुणवत्ता में एक दोषपूर्ण तीक्ष्णता कुंडली में गुरु और मंगल युति के संकेत हैं। इस तरह के संयोजन वाला व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने वाला, उनके वचन के प्रति सच्चा, ज्ञान के साधक और न्यायप्रिय होता है। जब ये दो विशाल ऊर्जाएं एक साथ आती हैं, तो वे जातक के जीवन में विविधता का एक ढेर बनता जाता है। आइए ज्योतिष के सभी 12 भावों में गुरु और मंगल युति का प्रभाव देखें।

### गुरु और मंगल युति प्रथम भाव में:-

प्रथम भाव या लग्न भाव आत्म अभिव्यक्ति और शरीर के बाहरी रूप का प्रभुत्व है। यह भाव अहंकार, स्वभाव, आदतों, बचपन और स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है। मंगल लगन और ऊर्जा का कारक है और यह लोगों को एक आकर्षक व्यक्तित्व प्राप्त कराता है। यहाँ प्रथम भाव में, यह जातक को आकर्षक व्यक्तित्व देता है। दूसरी ओर, गुरु उन्हें सच्चा, ईमानदार, दयालु और बुद्धिमान बनाता है। ऐसे जातक के पास उत्कृष्ट आध्यात्मिक ज्ञान और शानदार शारीरिक बल होता है। इस संयोजन के परिणामस्वरूप, जातक शक्तिशाली बनता है और अच्छी सामाजिक स्थिति प्राप्त करता है। वह साहसी और ऊर्जा से भरपूर बनता है। कार्रवाई-उन्मुख व्यवहार के साथ, वे पेशेवर जीवन में महान ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। प्रथम भाव अहंकार का भाव भी है। इस प्रकार, इस घर में मंगल की स्थिति जातक को अक्सर अपने स्वर में कठोर और जिद्दी बना देती है।

## खबर संक्षेप

### काशी में चौड़ी होने वाली है दालमंडी की सड़क

**वाराणसी।** यूपी के वाराणसी (काशी) के दालमंडी की संकरी सड़क अब चौड़ी होने वाली है। पिछले हफ्ते मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सड़क की नापी कराई थी। इसके बाद से इस इलाके में दुकान चलाने वाले कारोबारियों में बेचैनी है। उन्हें डर सता रहा है कि कहीं सड़क चौड़ीकरण के दायरे में उनकी दुकानें न आ जाएं। माना जा रहा है कि सर्वे के बाद तय दूरी तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### तेजस्वी पर छात्र नेता ने लगाए गंभीर आरोप

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में धरना स्थल पर बैठे अभ्यर्थियों से शनिवार को विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने देर रात मुलाकात करके समर्थन देने की घोषणा की थी। इस प्रदर्शन के राजनीतिकरण करने से छात्र नेता नाराज हो गए हैं। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि जो भी पार्टी विपक्ष में रहती है, उस पार्टी के नेता हो रहे आंदोलन के साथ चले जाते हैं। वह समर्थन देने का दिखावा करते हैं। लेकिन, जब सरकार में आते हैं, तो चुप्पी साध लेते हैं, लाठीचार्ज करवाते हैं। वे चाहे किसी भी पार्टी के नेता हों। दिलीप कुमार ने कहा, "आज विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी सरकार में हैं, तो आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज होता है। जब ये विपक्ष में थे तो आंदोलन का समर्थन करने चले आते थे, आज वही काम तेजस्वी यादव भी कर रहे हैं।

### खलारी में 'नक्सलियों' का तांडव

**रांची।** रांची जिले के खलारी में 'नक्सलियों' ने तांडव मचाया है। खलारी थाना क्षेत्र के निर्मल महतो चौक के पास गिट्टी और फ्लाई ऐश लदे 3 हाइवा को जला दिया। घटना रात के करीब 3 बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईएसएफ के जवान एवं क्यूआरटी घटनास्थल पर पहुंची। सीआईएसएफ की एनके, पिपरवार की क्यूआरटी और दोनों एरिया की फोर्स के साथ-साथ खलारी के डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी के इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह और मैक्लूस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। एक साथ 3 हाइवा में हुई आगजनी के बाद से रोड बंद है। फ्लाई ऐश और कोयले की ढुलाई भी बंद कर दी गई है। इस सड़क से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू की भी ढुलाई होती है। 'नक्सलियों' के द्वारा की गई आगजनी की वजह से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

# कम स्टांप वसूली से 39 करोड़ का हुआ नुकसान

एजेंसी | लखनऊ

विधानसभा में रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा के लिए ठेका देने में स्टांप शुल्क निर्धारण में नियमों की अनदेखी की है। इसके चलते सरकार को 39.61 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।




### सीएजी के रिपोर्ट में उठाई गई आपत्ति

सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि पट्टे के अंतर्गत आने वाले टोल का ठेका देने के लिए पंजीकृत अनुबंध किया जाना अनिवार्य है। भारतीय स्टांप अधिनियम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार पंजीकृत पट्टे पर दो फीसदी स्टांप शुल्क लिया जाना चाहिए। सीएजी ने रिपोर्ट में कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण में कहा गया है कि सितंबर 2019 में दो प्रतिशत स्टांप शुल्क लेने को कहा गया। पट्टे की तिथि से वास्तवित भुगतान की तिथि तक गणना की गई। कम स्टांप शुल्क की धनराशि पर प्रति माह डेढ़ प्रतिशत की साधारण ब्याज लिया जाना चाहिए।

### स्टांप वसूली में नियमों की हुई अनदेखी

जांच में पाया गया है कि कुल निर्धारित धनराशि चार प्रतिशत दो प्रतिशत स्टांप व दो प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जाना चाहिए था, लेकिन नियमों का पालन नहीं किया गया। सीएसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीडा ने आईएस अधिनियम के अंतर्गत सार्वजनिक कार्यालय होने के बाद भी ठेकेदारों से न तो सही स्टांप शुल्क जमा कराया और न ही इन अनुबंधों को करने से पहले समय से पंजीकरण शुल्क सुनिश्चित किया गया। देरी से जमा किए जाने की वजह से स्टांप शुल्क 13.90 करोड़ और पंजीकरण शुल्क 17 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि यूपीडा ने अपने उत्तर में कहा है कि सराकर ने इन दस्तावेजों के पंजीकरण की आवश्यकता को इंगित नहीं किया है। स्टांप शुल्क जमा करने और विधि के अनुसार अन्य अपेक्षाओं के संबंध में लागू कानूनों का पालन करना ठेकेदार का एकमात्र दायित्व था।

# महंगे शौक रखने वाले शातिर चोर हुए गिरफ्तार

एजेंसी | बुलंदशहर

आजमगढ़ पुलिस ने तहबरपुर थाना क्षेत्र के हासापुर गांव निवासी सुरेंद्र वाजपेयी व अहरौला थाना क्षेत्र के गौरी गांव का निवासी विशाल राजभर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पकड़ा गया चोर विशाल 13.50 लाख की निंजा बाइक से चलता था। 13 चोरियां करने के बाद आखिरकार वह पुलिस व एसओजी के टीम हत्थे चढ़ ही गया। जानकारी के मुताबिक 17 दिसंबर को मूसेपुर पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरी की घटना हुई। इसमें सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया तो चोरी करने आए चोर बाइक से थे जो घटना करते समय फोन से बात करते हुए दिख रहे थे।

### सर्विलांस सेल की मदद



इसी आधार पर सर्विलांस सेल की मदद से निकाला गया। इसमें दो नंबर संदिग्ध मिले। जिस पर पुलिस टीम ने कार्य शुरु किया। पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने भदुली पुल जिन्नाद बाबा के स्थान से देर रात दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 अंगुठी, आठ बिछ्यिा, सात जोड़ी पायल, चार चांदी का सिक्का, चार जोड़ी बाली, तीन चेन, दो कील, एक लाकेट, एक मंगल सूत्र, एक मंटीका, एक नथिया, एक सिंहोरा, एक सूई धागा कान का, चार लाख 3500 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद किया।

### चोरों ने ऑनलाइन मंगाया था लॉक कटर

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि जिस लॉक कटर से वह ताले को काटते थे और तोड़ने में जिस रम्मा का प्रयोग करते थे वह ऑनलाइन खरीदा गया था। इससे आसानी से वह ताले को काट लेते थे। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह बाइक से शहर व गांव क्षेत्रों में ताले लगे घरों को चिह्नित करते थे। रात करीब दस बजे बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना बाइक से चिह्नित जगहों पर जाते और जिस घर में ताला लगा होता था, वहां पहुंचकर चोरी के दौरान सुरेंद्र बाइक से बाहर खड़ा रहकर आने-जाने वालों की रेकी करता था और विशाल घर पर लगे ताले को कटर की मदद से काटकर व रम्मा से आलमारी व सूटकेश तोड़कर कीमती सामान को चुराकर भाग जाते थे।

### दे चुके कई घटना को अंजाम

पकड़े गए दोनों चोर जिले के छह थाना क्षेत्रों में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। उक्त आरोपियों द्वारा सिधारी थाने में चार, कोतवाली में चार, कंधरापुर में दो, रानी की सराय में एक, तहबरपुर में एक व अतरौलिया में एक चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं।

### चार लाख 3500 रुपये नगदी समेत 25 लाख के सामान बरामद

पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चार लाख 3500 रुपये नगदी, जेवरात व बाइक समेत अन्य सामान बरामद किए। इनकी कीमत कुल करीब 25 लाख रुपये है। चोरों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का एक कटर व एक लोहे का एक रम्मा और दो बाइक बरामद किए। एसपी यातायात विवेक त्रिपाठी ने कहा कि चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए सीओ सिटी गौरव शर्मा के नेतृत्व में स्वाट टीम, मूसेपुर पुलिस चौकी इंचार्ज राजीव कुमार सिंह समेत अन्य पुसिकर्मियों की एक टीम बनाई गई थी।

# नमो ड्रोन दीदी का कौशल देख खुश हुए सीएम योगी

### 10 प्रेरणा वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**गोरखपुर।** गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में शनिवार को आयोजित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नमो ड्रोन दीदी को ड्रोन उड़ाते देखकर खुश हो गए। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी के कौशल और उनके आत्मविश्वास की जमकर तारीफ की। उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी ने आज प्रेक्षागृह परिसर से 10 प्रेरणा वाहनों (ई रिक्शा) को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इन प्रेरणा वाहनों का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही सीएम योगी ने श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था के मिल्क वैन को भी हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मुख्यमंत्री, कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो एचयूआरएस और इफको से सहायता प्राप्त नमो ड्रोन दीदियों ने उनका ध्यान खींचा।

### ई-रिक्शा चला आत्मनिर्भर बनेगी महिलाएं: योगी आदित्यनाथ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेक्षागृह परिसर से ही 10 प्रेरणा वाहनों (ई रिक्शा) को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इन प्रेरणा वाहनों का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। ई-रिक्शा, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ग्रुप की मदद से 10 महिलाओं को उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हरी झंड़ी दिखाए जाने के बाद महिलाएं काफी उत्साहित और खुश दिखीं।


# बैटरी फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले के मरंगा बियाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बैटरी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि इसका गुब्बार आसपास के कई इलाकों से दिखाई दिया। आग फैक्ट्री के गैस चैंबर से उठी, जिसकी लपटें कुछ ही सेकेंड में चैंबर के पूरे हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। आगलगी के बाद बियाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बैटरी फैक्ट्री के कर्मियों में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ फैक्ट्री के बाहर जुट गई। कुछ ही देर में फैक्ट्री संचालक मौके पर पहुंचे। जिसके बाद फायर बिग्रेड को कॉल कर आगलगी की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही दमकल की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची। घंटे भर की मशक्कत के बाद आगलगी पर काबू पाया जा सका।

# लॉज में नर्सिंग की छात्रा ने दी जान

**बांका।** बिहार के बांका जिले में बरारी थाना क्षेत्र के बड़ी खंजरपुर डीआईजी कोठी के नजदीक रविवार को आदित्य कॉलेज लॉज में रहने वाली नर्सिंग की छात्रा ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मृतका बांका जिला के धोरैया थाना क्षेत्र स्थित बनरचूहा गांव के रहने वाले किसान आशीष कुमार की 23 वर्षीय बेटी कंचन कुमारी है। कंचन अपनी तीन बहनों और छह साल के भाई को लॉज के कमरे में साथ रखकर पढ़ाई करवाती थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची बरारी पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।



### बहन ने क्या बताया ?

यह घटना रविवार दिन 10 l30 बजे की है। कंचन के साथ रहने वाली उसकी छोटी बहन साक्षी ने बताया कि करीब 10 बजे वह नहाने के लिए लॉज के कॉमन बाथरूम में गई थी। नहाने जाते वक्त तक उसकी बहन कंचन ठीक से ही थी। नहाने के बाद करीब 10 l30 बजे कमरे में लौटी तो कमरे को भीतर से बंद पाया। काफी आवाज लगने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो उसने लॉज की अन्य लड़कियों और लॉज मालिक अभय तिवारी को बुलाया।

## व्यापार जगत

# मार्च 2025 तक मिलेगी देश की पहले इलेक्ट्रिक एंबुलेंस

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत मार्च 2025 में देश की पहली इलेक्ट्रिक एंबुलेंस को उतरने की तैयारी में है। इसको लेकर भारी उद्योग मंत्रालय ने दिशा-निर्देश तैयार कर लिए हैं, जिनसे जुड़ी अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। सरकार की कोशिश देश में चल रही एंबुलेंस को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक एंबुलेंस उतरने की है। खासकर तौर सरकार चिकित्सा के तौर पर इस्तेमाल होने वाली एंबुलेंस को हटाने की है।




### एंबुलेंस उम्र महज सात वर्ष

मंत्रालय की तरफ से अध्ययन किया गया है कि सामान्य वाहन की तुलना में एंबुलेंस की उम्र काफी कम होती है। रिकॉर्ड से पता चलता है कि एक एंबुलेंस सात वर्ष तक ही चलती है। उसके बाद उसे सड़क से हटाने की जरूरत पड़ती है। इसलिए सी श्रेणी में आने वाली एंबुलेंस को इलेक्ट्रिक में लाने की ज्यादा कोशिश है। देश में कुल एंबुलेंस की संख्या करीब 75 हजार है। इसमें से 28500 से अधिक एंबुलेंस राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित है। बाकी 46 हजार निजी अस्पताल, एनजीओ व अन्य संस्थाओं की तरफ से संचालित है।

सरकार हर वर्ष पुरानी हो रही करीब 20 हजार एंबुलेंस को बदल रही है। अब लक्ष्य इन्हीं एंबुलेंस में इलेक्ट्रिक एंबुलेंस को लाने का है। ध्यान रहे कि सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक एंबुलेंस और ट्रक लाने के लिए 500 करोड़ रुपया रखा है।

### सरकार जारी करेगी कॉमन दिशा-निर्देश

भारी उद्योग मंत्रालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हाईब्रिड और इलेक्ट्रिक एंबुलेंस को लेकर स्वास्थ्य व अन्य मंत्रालय से सुझाव लेकर एक समान दिशा-निर्देश तैयार किए गए है। उसके बाद ऑटोमोबाइल कंपनियों से इलेक्ट्रिक एंबुलेंस तैयार बनाने को लेकर चर्चा की गई है। अभी तक फोर्स मोटर्स इलेक्ट्रिक एंबुलेंस बनाने को तैयार हुई है जो मार्च 2025 तक अपनी पहली इलेक्ट्रिक एंबुलेंस बाजार में उतारेगी। शुरूआत में इलेक्ट्रिक एंबुलेंस 150 किलोमीटर की रेंज के साथ बाजार में आएगी। उसके बाद उसी रेंज को बढ़ाया जाएगा। फोर्स मोर्टस के साथ ही टाटा मोटर्स और सुजूकी ने भी इलेक्ट्रिक एंबुलेंस बाजार में उतारने की इच्छा जताई है लेकिन इन कंपनियों ने अभी तक ऐसी कोई समय-सीमा नहीं बताई है कि कब तक बाजार में इनकी ई-एंबुलेंस आएगी। मंत्रालय से जुड़े अधिकारी बताते हैं कि अमेरिका व यूरोपीय देशों में एंबुलेंस पहले से चल रही है, उनसे जुड़े अध्ययन को भी दिशा-निर्देशों में शामिल किया गया है।

# इस साल 90 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** आर्थिक वृद्धि की रफ्तार, अनुकूल बाजार परिस्थितियों और नियामकीय ढांचे में सुधार की वजह से इस साल में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ के बाजार में काफी तेजी देखने को मिली है। साल के दौरान कंपनियों ने आईपीओ के जरिये रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। 2024 में आईपीओ का औसत आकार बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। 2023 में यह 867 करोड़ रुपये रहा था। अकेले दिसंबर में कम से कम 15 आईपीओ आए हैं। एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2024 में 90 आईपीओ आए जिनके जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें 23-24 दिसंबर को समाप्त होने वाले आठ आईपीओ शामिल हैं। इसके अलावा, यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग का 500 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 दिसंबर को खुलने वाला है।



### 2025 में 2.5 लाख करोड़ रुपए तक जुटा सकती हैं कंपनियां

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि नए साल में भी आईपीओ के जरिये धन जुटाने की गतिविधियों में तेजी रहेगी। अगले साल यानी 2025 में आईपीओ का आंकड़ा इस साल के आंकड़े को पार कर सकता है। जानकारों के अनुसार 75 आईपीओ दस्तावेज इस समय मंजूरी के विभिन्न चरणों में हैं। 2025 में कंपनियां आईपीओ के जरिये 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं। अगले साल जिन कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का प्रस्तावित 12,500 करोड़ रुपये का निर्गम शामिल है।

### हुंदै का आईपीओ सबसे बड़ा रहा

इस साल का सबसे बड़ा आईपीओ हुंदै मोटर इंडिया (27,870 करोड़) का रहा। उसके बाद स्विगी (11,327 करोड़ रुपये), एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी (10,000 करोड़ रुपये), बजाज हाउसिंग फाइनेंस (6,560 करोड़ रुपये) और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (6,145 करोड़ रुपये) का स्थान रहा। इसके उलट विभोर स्टील ट्यूब्स के आईपीओ का आकार सबसे छोटा यानी 72 करोड़ रुपये रहा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एफपीआई ने बाजार से 976 करोड़ निकाले




**नई दिल्ली।** लगातार दो सप्ताह तक लिवाल रहने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों से 976 करोड़ रुपये निकाले हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सप्ताह की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की। पहले दो कारोबारी सत्रों (16-20 दिसंबर) के दौरान उन्होंने शेयरों में 3,126 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, बाद में उनके रुख में बदलाव आया और उन्होंने तीन सत्रों में 4,102 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की। इस तरह सप्ताह के दौरान उन्होंने शुद्ध रूप से 976 करोड़ रुपये की निकासी की।

### आईओसी ने रिश्वत देने के आरोप की जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अमेरिका की एक विशेष रसायन कंपनी पर 15 साल पहले उसके अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि आरोपों के मुताबिक, अमेरिकी फर्म ने उत्प्रेरक (कैटालिस्ट) की आपूर्ति का ठेका हासिल करने के लिए रिश्वत दी। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के 28 सितंबर, 2023 को जारी आदेश के अनुसार तेल रिफाइनरियों के संचालन में उपयोग किए जाने वाले उत्प्रेरकों को बनाने वाली वैश्विक विशेष रसायन आपूर्तिकर्ता एल्बेमर्ले कॉरपोरेशन ने कथित तौर पर आईओसी के व्यवसाय से संबंधित भारतीय मध्यस्थ कंपनी को लगभग 11.4 लाख अमेरिकी डॉलर का कमीशन दिया।

# सरकार की प्रोत्साहन योजना से बाहर होने वाली हैं 12 कंपनियां

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल क्षेत्र में उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से 12 कंपनियां बाहर होने जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इन कंपनियों में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचइएल यानी भेल) और किआ मोटर्स इंडिया भी शामिल है। इससे पहले तीन कंपनियां को भी योजना से बाहर किया जा चुका है। पूर्व में जिन कंपनियों को बाहर किया गया था, उन पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का पालन नहीं किया। पूरी तरह से चीन व अन्य से पार्ट्स को आयात करके उसे स्वदेशी उत्पादन दिखाने की कोशिश की। लेकिन अब बाहर होने जा रही कंपनियां स्वयं के स्तर पर योजना में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है।



### कुल कंपनियों की संख्या घटकर 70 रह जाएगी

ध्यान रहे कि मेक इन इंडिया के तहत घरेलू स्तर पर उत्पादन को बढ़ाने के लिए 14 क्षेत्रों में उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई थी। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कुल 85 कंपनियों ने योजना के तहत अपना पंजीकरण कराया था। इसमें से तीन कंपनियों का बाहर किया गया था, जिसके बाद योजना में शामिल कुल कंपनियों की संख्या घटकर 82 रह गई थी। अब 12 कंपनियों के बाहर होने के बाद कुल कंपनियों की संख्या घटकर 70 रह जाएगी। 25,938 करोड़ की लागत वाली ऑटो पीएलआई योजना का उद्देश्य देश में ऑटो और इससे जुड़े कम्पोनेंट बनाने की क्षमता को बढ़ाना है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है
मुंबई, सोमवार, 23 दिसंबर 2024



# मेलबर्न में शॉर्ट पिच गेंदों में फंसाएंगे हेड को

## भारतीय टीम ने बाक्सिंग डे टेस्ट के लिए ट्रेविस के लिए बनाई खास रणनीति

### आकाश ने कहा, कंगारू बल्लेबाज को क्रीज पर जमने का का मौका नहीं देंगे

**एजेंसी । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के लिए सबसे बड़ा सरदर्द बने हुए हैं। उन्होंने सीरीज की पहली पारी में 11 रन बनाने के बाद अगली तीन पारियों में 89, 140 और 152 रन बनाए। एडिलेड में गुलाबी गेंद से उन्होंने शानदार शतकीय पारी खेलकर टीम को एक-एक की बराबरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे और बॉक्सिंग डे टेस्ट पर भारतीय गेंदबाजों के निशाने पर हेड होंगे। इसके लिए टीम में रणनीति तैयार कर ली है।

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने रविवार को संकेत दिए कि इस बल्लेबाज के खिलाफ भारत शॉर्ट पिच गेंद को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमने जो रणनीति बनाई है उसके बारे में नहीं बता सकते क्योंकि इससे वे भी तैयार हो जाएंगे।



तेज गेंदबाजों के तौर पर हम एक ही तरह की गेंदें फेकेंगे और अनुशासित गेंदबाजी पर ध्यान देंगे। हम दोनों तरफ से गेंदबाजी करेंगे। पिच और परिस्थितियों का आकलन करेंगे और उसी के अनुसार रणनीति बनाएंगे। मुझे लगता है कि हेड शॉर्ट पिच गेंद के सामने संघर्ष करता है। हम उसे टिकने का मौका नहीं देंगे। हम एक विशेष क्षेत्र में गेंदबाजी करके उसे गलती करने के लिए मजबूर करेंगे। इससे हमारे लिए मौके बनेंगे।

### मुकाबला बराबरी पर

आकाश ने कहा, भले ही पिछले मैच में हम पीछे रहे थे लेकिन अगर आप गौर करो तो दोनों टीम का पलड़ा बराबरी पर है। हमने पिछले मैच के अंतिम दिन जो आत्मविश्वास हासिल किया वह अब भी हमारे साथ है। इसलिए मेरा मानना है कि मुकाबला बराबरी पर है। मेलबर्न टेस्ट मैच दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण है।

### फॉलोऑन बचाना लक्ष्य नहीं था

आकाशदीप ने कहा की तीसरे टेस्ट में फॉलोऑन बचाना लक्ष्य नहीं था। उनका लक्ष्य टीम के लिए अहम योगदान देना था। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दसवें विकेट के लिए 47 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके फॉलोऑन टाला था। बारिश से बाधित यह मुकाबला अतत: ड्रॉ रहा था। इससे बॉर्डर-गावस्कर सीरीज अभी एक-एक से बराबरी पर है। उन्होंने कहा, हम निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आते हैं। इसलिए 20, 25 या 30 रन का योगदान बहुमूल्य होता है। मैं तब सिर्फ टीम में योगदान देने के बारे में सोच रहा था। मैं उस दिन फॉलोऑन बचाने के लिए नहीं खेल रहा था। मेरा ध्यान सिर्फ इस पर था कि मुझे आउट नहीं होना है। ईश्वर ने चाहा और हम फॉलोऑन बचाने में सफल रहे।

### नंबर गेम

- 409 सर्वाधिक रन अब तक सीरीज में 81.80 की औसत से बना चुके हैं हेड
- 434 गेंद खेली हैं उन्होंने पांच पारियों में जो केएल (470) के बाद दूसरी सर्वाधिक हैं
- 47 सबसे ज्यादा चौके ट्रेविस के बल्ले से निकल चुके हैं अब तक
- 346 रन हेड ने मेलबर्न में दस पारियों में 34.60 की औसत से बनाए हैं एक शतक से

### नई गेंद का फायदा उठाएंगे

उन्होंने कहा, हमारी मानसिकता नई गेंद का फायदा उठाने की है। कंगारू बल्लेबाजों को नई गेंद से काफी परेशानी हो रही है। हमारी योजना शुरुआती 30 ओवर में आक्रामण करने की है। अगर हम नई गेंद से जल्दी विकेट लेने में कामयाब रहे तो उनके लिए भी समस्या खड़ी हो जाएगी।

### जस्सी ने की मदद



आकाश पहले दो टेस्ट में अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे। लेकिन तीसरे टेस्ट के लिए उन्हें अंतिम एकादश में रखा गया था। पहली बार विदेशी धरती पर खेल रहे इस तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि बुमराह ने उनकी मदद की। उन्होंने कहा, मैं पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेल रहा हूं। जस्सी भाई ने हमें बताया कि किस तरह से अपनी भूमिका निभानी और इससे हमारा काम आसान हो गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश के लड़कों को बास्केटबॉल खिताब



**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश टीम ने 49वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उसने रविवार को फाइनल में दिल्ली को 56-49 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस वर्ग में पिछले साल इस टीम नें रजत पदक जीता था। प्रतियोगता में उत्तर प्रदेश की टीम ने सभी मैच जीते। मैच शुरू से बहुत रोमांचक रहा। यूपी टीम ने शुरू से ही लीड बना ली थी। चौथे क्वार्टर में दिल्ली ने वापसी का प्रयास कर लीड को कम किया। खिताबी मुकाबले में जतिन ने 18 और वंश शर्मा ने 15 अंक बनाकर जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जतिन शर्मा को टूर्नामेंट का मोस्ट 'वैल्युएबल प्लेयर घोषित किया गया। पूल बी में मौजूद यूपी की टीम तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र को हराकर पूल में शीर्ष पर रही। फिर क्वार्टर फाइनल में यूपी ने राजस्थान को और सेमीफाइनल में तमिलनाडु को शिकस्त दी।

### वापसी कर सकते हैं मैकस्वीनी: वॉन



**एजेंसी । मेलबर्न**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम से बाहर हुए नाथन मैकस्वीनी के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि वह मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में वापसी कर सकते हैं। मैकस्वीनी को तीन टेस्ट की छह पारियों में चार बार बुमराह ने आउट किया। उनकी जगह सैम कोंस्टास को चुना गया है। वॉन ने 'फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, 10 वर्षों में मैंने जितने भी खिलाड़ियों को टेस्ट में आते देखा है, मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इससे कठिन चुनौती मिली है। मुझे लगता है कि वह कंगारू टीम का अहम हिस्सा बनेगा, लेकिन लगता है कि वह चौथे या पांचवें क्रम के लिए बेहतर बल्लेबाज है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल हुए 25 वर्षीय खिलाड़ी ने छह पारियों में 10, शून्य, 39, 10 नाबाद, नौ और चार रन बनाए।



### रूट फिर इंग्लैंड की वनडे टीम में, बटलर को कमान

**एजेंसी । लंदन**

भारत के वनडे दौरे और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की एक साल से अधिक समय के बाद इंग्लैंड की 50 ओवर के प्रारूप की टीम में वापसी हुई है। रूट इस प्रारूप में पिछली बार 2023 में भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप में खेले थे। भारत के सफेद गेंद के दौरे के दौरान इंग्लैंड पांच टी-20 और तीन वनडे खेलेगा। ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को चयन के लिए नहीं चुना गया है। वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टीम की अगुआई करेंगे।

#### वनडे टीम

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

#### टी-20 टीम

जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

### चैंपियन अनमोल को चित कर श्रियांशी क्वार्टर फाइनल में

**राष्ट्रीय बैडमिंटन**

**एजेंसी । मेबेंगलुरु**



गत चैंपियन अनमोल खरब और पांच अन्य वरीयता प्राप्त महिला एकल खिलाड़ी रविवार को राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गईं। महिला युगल में भी कुछ उलटफेर हुए। खरब हाल में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं। यहां वह 12वीं वरीयता प्राप्त श्रियांशी वलीशेट्टी से 12-21, 15-21 से हार गईं। एक अन्य मैच में 16वीं वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप को 21-19, 21-17 से शिकस्त दे दी। 15वीं वरीयता प्राप्त श्रेया लेले ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक गेम से पिछड़ने के बाद पूर्व चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को रोमांचक मैच में 13-21, 21-18, 21-14 से हराया। 13वीं वरीय देविका सिहाग ने दोनों करीबी मैच में चौथी वरीय और पिछले सत्र की उपविजेता तन्वी शर्मा को 21-19, 21-18 से हराया। गैरवरीय रुजुला रामू ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मानसी सिंह को 21-19, 20-22, 21-13 से शकस्त दी। साक्षी फोगाट (14वीं वरीयता) ने छठी वरीयता प्राप्त अदिति राव का अभियान 21-18, 21-19 से समाप्त कर दिया। सातवीं वरीय इशरानी बरुआ ने रक्षिता श्री एस को 23-21, 21-19 से हराया।

# बलिराम स्पोर्ट्स क्लब का 51वां कबड्डी महोत्सव

- गुड मॉर्निंग स्पोर्ट्स बना 'बलिराम कप' का मेजबान
- शार्दुल पाटिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया, राज आचार्य की रोमांचक राइड चर्चा में

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बलिराम स्पोर्ट्स बोर्ड के 51वें कबड्डी महोत्सव में गुड मॉर्निंग स्पोर्ट्स ने पुरुष प्रथम श्रेणी का खिताब जीता। फाइनल में गुड मॉर्निंग ने लायंस स्पोर्ट्स को 42-33 से हराकर बलिराम कप और 10,001/- का नकद पुरस्कार जीता। पराजित लायंस स्पोर्ट्स को 8,001/- और ट्रॉफी प्रदान की गई। गुड मॉर्निंग के शार्दुल पाटिल टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। उन्हें 4,444/- और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दिलचस्प बात यह रही कि लायंस के राज आचार्य ने दूसरे हाफ में एक ओवर में 4 विकेट चटकाकर मैच में रंग भर दिया, लेकिन टीम जीत नहीं सकी।

### फाइनल मैच

गुड मॉर्निंग ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की। उन्होंने 2 अंक बनाए और पहले हाफ में 19-14 की बढ़त ले ली। दूसरे हाफ में, उन्होंने एक और पिक के साथ अपना खिताब पक्का कर लिया। लायंस ने भी 7 बोनस अंकों के साथ एक मजबूत लड़ाई लड़ी, लेकिन गुड मॉर्निंग ने 6 बोनस और एक शीर्ष ग्रैब के साथ मैच पर अपना दबदबा बनाया। गुड मॉर्निंग की जीत में शार्दुल पाटिल के मजबूत हमलों को साहिल राणे और सर्वेश पंचाल के मजबूत बचाव का समर्थन मिला। राज आचार्य और शुभम मटकर ने लायंस के लिए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था।

### सेमीफाइनल का रोमांच

सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए फाइनल में लायंस स्पोर्ट्स ने अमर स्पोर्ट्स बोर्ड को 36-26 से हराया।
गुड मॉर्निंग ने जय भारत को कड़े मुकाबले में 30-29 से हराया।हारने वाली दोनों टीमों को 5,001/- और एक ट्रॉफी दी गई।




### प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण

#### विशेष पुरस्कार

- बेस्ट कैचर : साहिल राणे (गुड मॉर्निंग)
- मैन ऑफ द मैच : राज आचार्य (लायंस स्पोर्ट्स)
- दोनों खिलाड़ियों को 2,222/- और एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

#### सभी पुरस्कार

लक्ष्मीबाई थोम्बरे द्वारा प्रदान किए गए। समापन समारोह में लालबाग राजा के सचिव सुधीर सालवी, पार्षद सचिन पडवल, लक्ष्मीबाई थोम्बरे, जयश्री सुर्वे, प्रतियोगिता निरीक्षक अनिल केशव, मुख्य अम्पायर सुनील नवले मौजूद थे। बलिराम क्रीड़ा मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अथक परिश्रम से इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। 51वें कबड्डी महोत्सव ने कबड्डी प्रेमियों को अविस्मरणीय क्षण प्रदान किए।

# अल्लू अर्जुन के घर पर हमला

उस्मानिया विश्वविद्यालय के सदस्यों ने रविवार शाम अभिनेता अल्लू अर्जुन के हैदराबाद की जुबली हिल्स पर स्थित घर पर धावा बोल दिया। घर में जबरन घुसने की कोशिश की और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उनकी मांग है कि अल्लू भगदड़ मामले में मृतक महिला के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि दें और परिवार को हर संभव मदद प्रदान करें। पुलिस ने विश्वविद्यालय की संयुक्त कार्रवाई समिति (JAC) के 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।



### प्रदर्शनकारियों ने घर में फेंके टमाटर

हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित अल्लू के घर पर रविवार को हमला हुआ। प्रदर्शनकारियों ने उनके घर के बाहर रखे गमले तोड़ दिए, गुस्से में पूरे लॉन को तहस-नहस कर दिया और टमाटर फेंके। बताया जा रहा है कि वे पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये देने की मांग कर रहे हैं। तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारियों के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनकी कुछ लोग जमकर आलोचना कर रहे हैं।

# अभिजीत भट्टाचार्य के बिगड़े बोल



### महात्मा गांधी को बताया पाकिस्तान का राष्ट्रपिता

बॉलीवुड के मशहूर गायक अभिजीत भट्टाचार्य अपनी मशहूर गानों को लेकर जाने जाते हैं। शाहरुख की आवाज के नाम से लोकप्रिय अभिजीत अपने गानों के अलावा विवादों को भी खड़ा करने में माहिर हैं। अब अभिनेता ने एक ऐसा बयान दे दिया है, जिसकी वजह से अब वह सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल हो रहे हैं। दरअसल, अभिजीत ने इस बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर एक कंट्रोवर्शियल बयान दे दिया है।

### फिर विवादों में फंसे अभिजीत

हाल ही में, शुभांकर मिश्रा के साथ एक पॉडकास्ट में अभिजीत ने महात्मा गांधी पर टिप्पणी कर लोगों की रडार पर आ गए हैं। गायक ने इस इंटरव्यू में कहा कि संगीतकार आरडी बर्मन महात्मा गांधी से बड़े थे। जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रपिता थे, वैसे ही आरडी बर्मन संगीत की दुनिया में राष्ट्रपिता थे। बात यही नहीं रुकी। इसके आगे सिंगर ने महात्मा गांधी को लेकर एक बड़ा और विवादित बयान दे दिया है। अभिजीत ने कहा, 'महात्मा गांधी पाकिस्तान के राष्ट्रपिता थे, भारत के नहीं। भारत पहले से ही अस्तित्व में था, पाकिस्तान बाद में भारत से अलग हुआ। गांधी को गलती से भारत का राष्ट्रपिता कहा गया है।



# प्रशांत नील ने उठाया 'सलार 2' की कहानी से पर्दा

प्रभास की एक्शन फिल्म 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई, जिसे दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाते हुए 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन कई दिग्गज कलाकारों की टुकड़ी थी। प्रभास की फिल्म के पहले पार्ट में ही 'सलार पार्ट 2-शौर्यांग पर्वम' की भी पुष्टि हो गई। वहीं अब प्रशंसकों को फिल्म के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है, जिसकी नई जानकारियों का भी दर्शकों को इंतजार रहता है। वहीं, अब फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील ने इसके दूसरे भाग के बारे में दिलचस्प खुलासा किया है।



### फिल्म की सफलता पर क्या बोले प्रशांत?

व्यावसायिक सफलता के बावजूद 'सलार: भाग 1 - सीजफायर' के प्रदर्शन ने निर्देशक प्रशांत नील को निराश कर दिया। फिल्म की पहली सालगिरह मनाने के लिए हाल ही में एक साक्षात्कार में प्रशांत नील ने खुलासा किया कि वह फिल्म के परिणाम से पूरी तरह से खुश नहीं थे। भले ही इसने 700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और 2023 की प्रशंसकों की पसंदीदा एक्शन फिल्म बन गई, लेकिन प्रशांत नील का मानना था कि फिल्म में कई ऐसी चीजें थीं, जिनमें वह सुधार कर सकते थे। अब वह दूसरे भाग को और बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### पेरू में वन्यजीवों की 27 नई प्रजातियां मिलीं

**लीमा।** पेरू में शोधार्थियों के एक दल ने देशभर में वन्यजीवों की 27 नई प्रजातियों की खोज की है। इनमें एक दुर्लभ उभयचर चूहा, पेड़ पर चढ़ने वाला सैलामैंडर और एक ब्लॉब-हेड मछली शामिल हैं। 38 दिनों के सर्वेक्षण में वन्यजीवों और पौधों की दो हजार से अधिक न देखी गई और कम देखी गई प्रजातियां दर्ज की गईं। कंजर्वेशन इंटरनेशनल के मूर सेंटर फॉर साइंस के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। प्रमुख शोधार्थी डॉ. ट्रोंड लार्सन ने कहा, उत्तर-पश्चिमी पेरू के ऑल्टो मेयो क्षेत्र में इन प्रजातियों की खोज की गई है, जिन्हें पहले कभी नहीं देखा गया था।

### पलूशन से फिर फूला दिल्ली का दम

नई दिल्ली। दिल्ली में पलूशन एकबार फिर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में रविवार को शाम 4 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 409 दर्ज किया गया। दिल्ली में रविवार को सुबह कोहरा छाया रहा जबकि एक्यूआई गिरकर 393 यानी 'बहुत खराब' श्रेणी में रिकॉर्ड किया गया। एक दिन पहले शनिवार को सुबह 8 बजे औसत AQI 395 अंक रिकॉर्ड किया गया था। दिल्ली के अलीपुर, आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, मथुरा रोड, बुराड़ी क्रॉसिंग, डीटीयू दिल्ली, करणी सिंह शूटिंग रेंज, द्वारका सेक्टर-8, आईटीओ दिल्ली, जहांगीरपुरी, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, मेजर ध्यानचंद्र स्टेडियम, मंदिर मार्ग, मुंडका, नरेला, नेहरू नगर, नार्थ कैंपस, ओखला फेज-2, पटपड़गंज, पंजाबी बाग, पूसा, आरकेपुरम, रोहिणी, शादीपुर, सीरीफोर्ट, सोनिया विहार, विवेक विहार, वजीरपुर समेत 28 केंद्रों ने एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया।

### नायब सैनी ने किसानों को दी बड़ी गांरटी

24 फसलों की MSP पर होगी खरीद

चंडीगढ़। हरियाणा में सैनी सरकार ने किसानों को बड़ी खुशखबरी दी है। नायब सैनी की सरकार ने निकाय चुनाव से पहले 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करने की गारंटी दे दी है। इस फैसले से किसानों को बड़ा फायदा होगा। बता दें कि इस समय हरियाणा में पंजाब की सीमा से सटे शंभू बॉर्डर (अंबाला) और खनौरी बॉर्डर (जींद) पर किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र सरकार से किसान मांग कर रहे हैं कि फसलों के एमएसपी की गारंटी दी जाए, जिसके लिए वह दिल्ली कूच करने के लिए बॉर्डर पर जमे हुए हैं।

### 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' पहल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार (22 दिसंबर) को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' पहल की शुरुआत की। यह कार्यक्रम फिट इंडिया साइक्लिंग ड्राइव के तहत आयोजित किया गया, जिसे हाल ही में लॉन्च किया गया था। इस पहल में सीआरपीएफ, आईटीबीपी, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के कैंपर्स, इंदिरा गांधी स्टेडियम के युवा जिम्नास्ट और दिल्ली के विभिन्न साइक्लिंग क्लबों के 500 से अधिक राइडर्स शामिल हुए। WWE स्टार शैंकी सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कुवैत में पीएम मोदी को मिला सर्वोच्च सम्मान

## ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से हुए सम्मानित

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। कुवैत में उनका जोरदार स्वागत हुआ। दौरे के दूसरे दिन ( 22 दिसंबर, 2024) पीएम मोदी को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी को किसी देश द्वारा दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

### पीएम मोदी बोले-सम्मानित महसूस कर रहा हूं

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "मुझे सम्मानित महसूस हो रहा है कि कुवैत राज्य के अमीर, महामहिम शेख मशाल अहमद अल-जाबिर अल-सबाह द्वारा मुझे 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से नवाजा गया है। मैं इस सम्मान को भारत की जनता और भारत-कुवैत की मजबूत मित्रता को समर्पित करता हूं।"

### क्या है 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर'?

'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' कुवैत का नाइटहुड सम्मान है। यह प्रमुख रूप से राज्य प्रमुखों, विदेशी सम्राटों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को मित्रता के प्रतीक के रूप में प्रदान किया जाता है। यह सम्मान पहली बार 16 जुलाई 1974 को कुवैत के महान नेता मुबारक अल-सबाह (जिन्हें द ग्रेट भी कहा जाता है) की स्मृति में स्थापित किया गया था। मुबारक अल-सबाह कुवैत के शेख (1896-1915) थे, जिन्होंने 1897 में ओटोमन साम्राज्य से कुवैत के लिए स्वतंत्रता मान्यता प्राप्त की थी। इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स, और जॉर्ज बुश जैसे वैश्विक नेताओं को दिया जा चुका है।



**प्रधानमंत्री मोदी की कुवैत यात्रा**

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार, 21 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंचे। यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। इससे पहले इंदिरा गांधी ने 1981 में कुवैत का दौरा किया था।

### पीएम मोदी को कई देशों से मिला सर्वोच्च सम्मान

पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनियाभर से शीर्ष पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। गुयाना ने उन्हें अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान किया। बारबाडोस ने उन्हें 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित किया। डोमिनिका ने अपना राष्ट्रीय सम्मान 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया। इसके अलावा, रूस का ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल अवार्ड और अमेरिका का लीजन ऑफ मेरिट जैसे कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी को मिल चुके हैं।

## बाल विवाह पर हिमंत सरकार सख्त



एजेंसी | नागुवाहाटी

बाल विवाह के खिलाफ असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार सख्ती से पेश आ रही है। इसके खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत असम पुलिस ने बीती रात 416 लोगों को गिरफ्तार किया और 335 मामले दर्ज किए। गिरफ्तार किए गए लोगों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। बाल विवाह को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पोस्ट भी सामने आया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि असम बाल विवाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखे हुए है। बीती रात को शुरू किए गए तीसरे चरण के अभियान में 416 गिरफ्तारियां की गईं और 335 मामले दर्ज किए गए।

## पार्सल विस्फोट मामला

# आरोपी ने इंटरनेट से बम बनाना सीखा

एजेंसी | अहमदाबाद

अहमदाबाद में एक घर में पहुंचे पार्सल में हुए विस्फोट मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने अपनी अलग रह रही पत्नी के दोस्त बलदेव सुखाड़िया, पत्नी के पिता और भाई से बदला लेने के लिए यह साजिश रची थी। उसने इंटरनेट से बम और देसी पिस्तौल बनाना सीखा था।

**सहयोगी संग हुआ गिरफ्तार**



### पुलिस ने आरोपी से दो और बम, एक देसी पिस्तौल एवं कारतूस बरामद की

पुलिस उपायुक्त भरत राठौड़ ने कहा, शनिवार सुबह साबरमती क्षेत्र में सुखाड़िया के घर पर पहुंचाए गए पार्सल में विस्फोट होने के बाद हमने मौके से गौरव गढ़वी को गिरफ्तार किया। तकनीकी निगरानी की मदद से राव और उसके सहयोगी 21 रोहन रावल को रात में ही पकड़ लिया गया। राठौड़ ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने सल्फर पाउडर, बारूद और एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट से बनाए गए दो बम बरामद किए, जो एक रिमोट कंट्रोल से संचालित प्रतीत होते हैं और साथ ही एक देसी पिस्तौल भी बरामद की है, जो राव ने बनाया था। उन्होंने कहा कि राव का मानना था कि सुखाड़िया ने उसके और उसकी पत्नी के बीच दरार पैदा की और उसे पत्नी और उनके बच्चों से दूर किया। आरोपी का मानना था कि उसकी पत्नी, ससुर और साले ने उसे पेट की बीमारी के कारण कमजोर महसूस कराया।

### पत्नी के दोस्त, उसके पिता और भाई से बदला लेने को रची साजिश

एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने आरोपी रूपेन राव (44) को गिरफ्तार कर लिया है। इसी ने बम बनाया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी से दो और बम, एक देसी पिस्तौल, कारतूस और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। अधिकारी ने बताया कि राव की पत्नी तलाक लेने की प्रक्रिया में है और मामला अदालत में है। विस्फोट शनिवार को पूर्वाह्न करीब 10:45 बजे साबरमती इलाके में एक घर में हुआ था, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे।

# 'उसे पुष्पा पसंद है, जरूर देखने आएगा'

## सिनेमा हॉल में फिल्म देख रहे गैंगस्टर को पुलिस ने दबोचा

एजेंसी | नागपुर

पुष्पा 2 फिल्म का चारों तरफ क्रेज है। सिनेमा हॉल में दर्शकों की भीड़ जुट रही है। महाराष्ट्र के नागपुर में भी एक मल्टीफ्लेक्स में पुष्पा 2 फिल्म का शो जारी था। पर्दे पर पुष्पा 2 चल रही थी। कुछ देर में ही पर्दे के सामने बैठे दर्शकों को फिल्म जैसा नजारा सिनेमा हॉल के अंदर देखने को मिला। दरअसल, सिनेमा हॉल में एक गैंगस्टर फिल्म का आनंद उठा रहा था। तभी पुलिस ने एंट्री मारी और गैंगस्टर को धर दबोचा।



### आधी रात को पुलिस ने दबोचा

जानकारी के मुताबिक पिछले 10 महीने से पुलिस को हत्या और ड्रग मामले में वांछित गैंगस्टर की तलाश थी। गिरफ्तार गैंगस्टर की पहचान विशाल मेश्राम के तौर पर हुई है। घटना गुरुवार आधी रात की है। यह सिनेमा हॉल नागपुर शहर के मध्य में स्थिति है। फिल्मी अंदाज में की गई पुलिस की इस कार्रवाई की चारों तरफ चर्चा है।

### गैंगस्टर को पसंद थी पुष्पा फिल्म

नागपुर के पचपावली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने रविवार को जानकारी दी कि आरोपी विशाल लगभग 10 महीने से फरार था। पुलिस को जानकारी मिली की विशाल को पुष्पा फिल्म खूब पसंद है। इसके बाद उसको पकड़ने का जाल बिछाया गया। आखिरकार गुरुवार की आधी रात उसे पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल ही गई।

# 175 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की हुई पहचान

## बिना किसी लीगल डॉक्यूमेंट के रह रहे थे

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी बीच पुलिस ने ऐसे 175 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की है, जो बिना किसी लीगल डॉक्यूमेंट के आउटर दिल्ली में रह रहे थे। फिलहाल, सभी से पूछताछ कर रही है और उनके अन्य साथियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, दिल्ली में फर्जी तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए दिल्ली



पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए डिस्ट्रिक्ट फॉरेन सेल, स्पेशल यूनिट्स और पुलिस की टीमों का गठन किया गया है। पुलिस को जहां से भी सूचना मिल रही है। वहीं टीम जाकर बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर रही है और उनके दस्तावेजों को खंगाल रही है।

### बारीकी से की जा रही दस्तावेजों की जांच

खबरों की मानें, तो दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि यह ऑपरेशन घर-घर जाकर किया जा रहा है और सभी की बारीकी से दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान 175 लोग संदिग्ध पाए गए है। उनसे गहन पूछताछ की जा रही है और उनके डॉक्यूमेंट्स की भी सावधानीपूर्वक जांच कराई जा रही है। वहीं उनकी पहचान को प्रमाणित करने के लिए पुलिस की टीमों को उनके मूल स्थानों पर भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी इस तरह की जांच जारी रहेगी। इस दौरान जो भी संदिग्ध मिलेगा। उसके डॉक्यूमेंट्स की बारीकी से जांच की जाएगी। वहीं जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही कार्रवाई शुरू की जाएगी।



# पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अब नए नियमों से होंगे भगवान के दर्शन

## 1 जनवरी से नई व्यवस्था

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओडिशा में पुरी जगन्नाथ मंदिर में दर्शन नए साल से नए नियमों के तहत होंगे। रविवार को राज्य के कानून मंत्री पृथ्वी राज हरिचंदन ने बताया कि श्रद्धालुओं को देवताओं के दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए मंदिर में नई व्यवस्था लागू की जा रही है। नए नियम लागू होने से पहले ट्रायल के तौर पर 30 और 31 दिसंबर को नई व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके अलावा मंदिर में दर्शन के लिए आने वाली महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और विकलांगों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि ओडिशा सरकार श्रद्धालुओं को देवताओं के दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक नयी व्यवस्था शुरू करने जा रही है। पत्रकारों से बात करते हुए हरिचंदन ने कहा कि 'आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 27 या 28 दिसंबर तक आवश्यक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रायोगिक आधार पर 30 और 31 दिसंबर को दो दिनों के लिए नयी व्यवस्था शुरू की जाएगी।'

# वसुंधरा राजे के काफिले के साथ बड़ा हादसा



## बाइक सवार को बचाने में पलटी बोलेरो, कई घायल

एजेंसी | जयपुर

राजस्थान के पाली जिले के मुंडारा में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के काफिले के साथ एक बड़ा हादसा पेश आया है। बताया जाता है कि वसुंधरा राजे जब राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की माताजी के निधन पर शोक में शामिल होने के बाद वापस लौट रही थीं उसी समय यह हादसा हुआ। वसुंधरा राजे के काफिल में शामिल पुलिस की एक बोलेरो गाड़ी पलट गई जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हादसा पाली जिले के रोहट और पणिहारी चौराहे के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ। वसुंधरा राजे को एस्कॉर्ट कर रही पुलिस की बोलेरो गाड़ी बेकाबू हो गई और लगभग 3 से 4 बार पलटी खा गई। वाहन में बैठे 6 से 7 पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद वसुंधरा पलटी बुलेरो के पास पहुंचीं। घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्पैडेक्स मिशन के लिए ISRO तैयार

एजेंसी | बेंगलुरु

भारत एक और कीर्तिमान रचने को तैयार है। देश के 'स्पैडेक्स' मिशन के रॉकेट पीएसएलवी-सी60 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के 'लांचिंग पैड' पर पहुंचा दिया गया है। स्पैडेक्स अंतरिक्षयान का एकीकरण भी पूरा हो गया है। अंतरिक्षयान भी एसडीएससी में पहुंच चुका है। इसरो 30 दिसंबर को 'स्पैडेक्स' को लांच कर सकता है। मिशन में सफलता हासिल करने के साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद अंतरिक्ष 'डाकिंग' प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया का चौथा देश बन



जाएगा। इसरो ने स्पैडेक्स के दो अंतरिक्षयानों की पहली तस्वीर भी जारी की। इस मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को 'डाक' और 'अनडाक' करने की क्षमता को प्रदर्शित करना है। एक अंतरिक्षयान से दूसरे अंतरिक्षयान के जुड़ने को डाकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने को अनडाकिंग कहते हैं।

# दस साल में गोवा की आबादी के बराबर लोगों ने छोड़ी नागरिकता

## 1.5 लाख भारतीय औसतन हर साल अपनी नागरिकता छोड़ रहे हैं

एजेंसी | नई दिल्ली

देश से बड़े पैमाने पर लोग रोजगार के लिए विदेश जाते हैं और फिर वहीं बस जाते हैं। इनमें से बहुत से लोग वहीं शादी कर लेते हैं या फिर कारोबार शुरू कर लेते हैं जिसके कारण वे उसी देश की नागरिकता हासिल कर लेते हैं। औसतन हर साल डेढ़ लाख भारतीय अपनी नागरिकता छोड़ रहे हैं। बीते एक दशक में करीब 15 लाख लोग भारतीय नागरिकता छोड़ चुके हैं। यानी इस दौरान गोवा या अरुणाचल प्रदेश की आबादी के बराबर लोग दूसरे देश की नागरिकता ले चुके हैं।



### 15 लाख के करीब भारतीय बीते एक दशक में विदेशों में जा बसे

विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2014-2023 के बीच कुल 15,04,512 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी है। कारोना काल के वर्षों में यह संख्या कम हुई थी लेकिन बाद में फिर से तेजी से बढ़ने लगी। जिन लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी, उन्होंने अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया से लेकर थाईलैंड, मलेशिया, पेरू, नाइजीरिया, जांबिया जैसे छोटे देशों तक की नागरिकता हासिल की है। ऐसे भारतीयों ने 135 देशों की नागरिकता ली है।

| वर्ष | नागरिकता छोड़ने वाले |
|---|---|
| 2014 | 129328 |
| 2015 | 131489 |
| 2016 | 141603 |
| 2017 | 133049 |
| 2018 | 134561 |
| 2019 | 144017 |
| 2020 | 85256 |
| 2021 | 163370 |
| 2022 | 225620 |
| 2023 | 216219 |

### कोरोना काल के बाद आंकड़ों में बढ़ोत्तरी

नागरिकता छोड़ने वालों के आंकड़ों को लेकर बीच में विवाद भी उत्पन्न हुआ था। विपक्ष का आरोप था कि भाजपा के शासन में यह संख्या बढ़ रही है। हालांकि, आंकड़े बताते हैं कि यह रुझान पहले भी ऐसा ही था। उदाहरण के लिए 2013 में 1,31,405, 2012 में 1,20,923 तथा 2011 में 1,22,819 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी। कोरोना काल के बाद के आंकड़ों को देखें तो यह संख्या जरूर थोड़ी बढ़ी है। 2012 में जहां 1,20,923 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी, वहीं 2022 में यह संख्या 2,25,620 दर्ज की गई है।